आर.एन.आई. नबंर - MPHIN/2014/56594

!! श्रीकृष्ण शरणंमम !!

वर्ष-11 । अंक 194 । मूल्य - 2 रुपए । पृष्ठ-08 । नगर संस्करण

इंदौर, व भोपाल, रायपुर व बिलासपुर से एक साथ प्रकाशित

दैनिक

# आदित्य भारत

सदैव सत्य के साथ...

इंदौर, शुक्रवार, 18 जुलाई, 2025

## बीजापुर जिले के युवाओं से मुख्यमंत्री ने की आत्मीय मुलाकात : युवा ग्रेजुएट पंच का बढ़ाया हौसला

# बस्तर का हर गांव बनेगा आपका अच्छा गांव- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

संवाददाता ● रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज यहां छत्तीसगढ़ विधानसभा परिसर में स्वामी विवेकानंद युवा प्रोत्साहन योजना के तहत राजधानी रायपुर के भ्रमण पर आए बीजापुर जिले युवाओं से मुलाकात की। मुख्यमंत्री साय इन युवाओं से बहुत आत्मीयता से मिले और उनसे राजधानी रायपुर भ्रमण के अनुभवों को जाना। मुख्यमंत्री ने कहा कि बस्तर का हर गांव आपका अच्छा गांव बनेगा। बस्तर के विकास को अब कोई नहीं रोक सकता। बस्तर का युवा आज आत्मविश्वास से भरा है।

मुख्यमंत्री साय ने बीजापुर जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों से आये युवाओं से उनका हाल-चाल जाना और आत्मीय चर्चा की। मुख्यमंत्री ने युवाओं से पूछा कि वे विगत डेढ़ वर्षों में क्या परिवर्तन महसूस कर रहे हैं ?



युवाओं ने बताया कि बहुत परिवर्तन है। अब हमारे क्षेत्र में सड़कें बन रही हैं, बिजली की व्यवस्था हुई है और आंगनबाड़ी केंद्र भी खुल रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बस्तर का विकास हमारी सरकार की प्राथमिकता है।

मुख्यमंत्री साय ने युवाओं से उनकी पढ़ाई-लिखाई और गतिविधियों के विषय में जानकारी ली। बीजापुर के एक युवा ने मुख्यमंत्री साय को बताया कि वह जूलॉजी विषय से बीएससी कर चुका है और वर्तमान में वह अपने गांव का पंच है। उसका एक साथी भी पंच निर्वाचित हुआ है। मुख्यमंत्री ने इन युवाओं के जज्बे की सराहना की और उनका हौसला बढ़ाया।

इस दौरान उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बच्चों से पूछा- कितने बच्चे इंस्टाग्राम चलाते हैं ? जब इस प्रश्न पर कई बच्चों ने हाथ उठाया तो मुख्यमंत्री ने आश्चर्यमिश्रित मुस्कान के साथ कहा- अब बस्तर के हमारे बच्चे भी समय के साथ हाईटेक हो रहे हैं। ये सुनकर ठहाके गूंज उठे। मुख्यमंत्री ने इस बात पर खुशी जाहिर की कि युवा अपडेट हैं और तकनीक को समझ रहे हैं। युवाओं ने बताया कि उनके गांव में अब मोबाइल टावर भी लग रहे हैं।

युवाओं ने मुख्यमंत्री को बताया कि वे कल राजधानी रायपुर आये हैं। उन्होंने मुक्तांगन, जंगल सफारी सहित अन्य जगहें देखी हैं। मुख्यमंत्री साय ने युवाओं से कहा कि वे राजधानी रायपुर के भ्रमण के अनुभव का पूरा लाभ उठाएं। उल्लेखनीय है कि स्वामी विवेकानंद युवा प्रोत्साहन योजना के तहत बीजापुर जिले के नियद नेल्लानार ग्राम पंचायतों के 100 युवा राजधानी रायपुर के भ्रमण पर आये हैं। जिसके अंतर्गत आज ये युवा छत्तीसगढ़ विधानसभा पहुंचे। इस अवसर पर वनमंत्री केदार कश्यप, विधायक किरण देव, संपत अग्रवाल, ईश्वर साहू सहित गणमान्यजन उपस्थित थे।

# इंदौर फिर अव्वल

### दस लाख से अधिक आबादी में- इंदौर को पहला स्थान

## राष्ट्रपति ने किया सम्मानित; मंत्री, महापौर और आयुक्त ने लिया पुरस्कार

संवाददाता ● इंदौर

गुरुवार को दिल्ली में घोषित हुए स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 के नतीजों में इंदौर ने एक बार फिर देशभर में पहला स्थान हासिल किया है। यह लगातार आठवीं बार है, जब इंदौर को देश का सबसे स्वच्छ शहर चुना गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इंदौर को सम्मानित किया। इस बार इंदौर को 'सुपर लीग' में भी शामिल किया गया है, जिसमें देश के उन 23 शहरों को जगह दी गई है जो अब तक के सर्वे में पहले, दूसरे या तीसरे स्थान पर रह चुके हैं।सम्मान समारोह में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, महापौर पुष्यमित्र भार्गव और निगम आयुक्त भी मौजूद थे।

इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि इंदौर फिर सिरमोर है। इस बार भारत सरकार ने इंदौर और इंदौर जैसे शहरों को अलग लीग में रखा था और उसके अलावा के शहरों की रैंकिंग की थी। इस लीग में हम देश के अन्य शहरों से पहले भी सबसे ऊपर थे।

इस लीग में आकर भी इंदौर का परिणाम सिरमौर का है। देशभर के शहरों के लिए स्वच्छता का मॉडल बन चुका इंदौर नंबर 1 की प्रतियोगिता से बहुत आगे निकल चुका है। अब इंदौर मार्गदर्शक की भूमिका में है और अन्य शहरों को स्वच्छता का पाठ पढ़ाएगा।

### 2017 से इंदौर पहले नंबर पर आ रहा

स्वच्छ सर्वेक्षण में वर्ष 2017 से इंदौर पहले नंबर पर आ रहा है। इंदौर को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी कह चुके हैं कि दूसरे शहर जब कुछ करने का सोचते हैं, तब तक इंदौर वह काम कर चुका होता है। यह बात स्वच्छता को लेकर भी सही साबित हुई है। इंदौर के जनभागीदारी मॉडल की देशभर में तारीफ होती है। नवाचारों की सीरीज, आपसी समन्वय और कुछ नया करने का जज्बा हमें दूसरे शहरों से आगे रखता है। आज जब दूसरे शहर पहले, दूसरे और तीसरे स्थान के लिए जिद्दोजहद में लगे हैं। इंदौर लगातार 8 वर्ष अव्वल रहकर खास पायदान पर पहुंच चुका है।

### बड़ी स्क्रीन पर हुआ कार्यक्रम का प्रसारण

सुपर लीग में शामिल शहरों को सिर्फ अपने आपको ही स्वच्छ नहीं रखना है बल्कि उस शहर की सफाई व्यवस्था को भी पटरी पर लाना है, जिसकी जिम्मेदारी उन्हें 17 जुलाई को सौंपी गई। स्वच्छ सर्वेक्षण के परिणाम घोषित होने के कार्यक्रम के साक्षी शहरवासी भी बन सकें, इसके लिए निगम मुख्यालय पर बड़ी स्क्रीन पर कार्यक्रम के सीधे प्रसारण की व्यवस्था की गई।

## अन्य शहरों को स्वच्छता का पाठ पढ़ाएगा इंदौर



### सुपर स्वच्छ लीग सिटीज में इन्हें मिले अवॉर्ड

दस लाख से अधिक आबादी में- इंदौर
3 से 10 लाख की आबादी में- उज्जैन
20 हजार से कम आबादी वालों में- बुधनी
पहली बार सर्वे में शहरों को आबादी से 5 कैटेगरी में बांटा
बहुत छोटे शहर - आबादी 20,000 से कम (जैसे पंचगनी, पाटन)
छोटे शहर - 20,000-50,000 (जैसे ससवड, वीटा)
मध्यम शहर - 50,000-3 लाख (जैसे तिरुपति, एनडीएमसी)
बड़े शहर - 3 लाख-10 लाख (जैसे नोएडा, चंडीगढ़)
मिलियन-प्लस शहर 10 लाख से अधिक (जैसे इंदौर, सूरत, नवी मुंबई)

### भोपाल, देवास, शाहगंज को प्रेसिडेंशियल अवॉर्ड

प्रेसिडेंशियल अवॉर्ड की सबसे अहम कैटेगरी में मप्र की राजधानी भोपाल को अवॉर्ड मिलना तय हो गया है। इसी तरह देवास नगर निगम को भी प्रेसिडेंशियल अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा और शाहगंज को भी अवॉर्ड के लिए चिह्नित किया गया है। इन सभी शहरों को उनकी संबंधित कैटेगरी में यह अवॉर्ड दिया जाएगा। रैंकिंग क्या होगी, इसका अभी खुलासा नहीं है, लेकिन यह रैंकिंग नंबर 1 से लेकर 3 के बीच होगी। इसी तरह स्पेशल कैटेगरी के मिनिस्ट्रियल अवॉर्ड में जबलपुर को चुना गया है और स्टेट लेवल पर मिनिस्ट्रियल अवॉर्ड के लिए ग्वालियर नगर निगम को चुना गया है। इनकी भी रैंकिंग तय नहीं है, जो नंबर 1 से लेकर नंबर 3 के बीच हो सकती है।

# छत्तीसगढ़ ने राष्ट्रीय मंच पर बिखेरी स्वच्छता की चमक

### 20 हजार से कम आबादी वाले शहरों में बिल्हा देश का सबसे स्वच्छ शहर



संवाददाता ● रायपुर

केन्द्रीय आवास और शहरी कार्य मंत्रालय के स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में छत्तीसगढ़ के सात शहरों ने अपनी स्वच्छता की चमक बिखेरी है। बिल्हा नगर पंचायत 20 हजार से कम आबादी वाले शहरों में अब देश का सबसे साफ-सुथरा शहर बन गया है। स्वच्छ सर्वेक्षण में 20 हजार से कम आबादी वाले शहरों की श्रेणी में बिल्हा ने देशभर में प्रथम स्थान हासिल किया है। तीन लाख से दस लाख जनसंख्या वाले शहरों में बिलासपुर को पूरे देश में दूसरा और 20 हजार से 50 हजार आबादी वाले शहरों में कुम्हारी को तीसरा स्थान मिला है।

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने आज नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित भव्य समारोह में इन तीनों नगरीय निकायों के साथ ही स्वच्छ सर्वेक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले राज्य के कुल सात नगरीय निकायों को पुरस्कृत किया। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव, संबंधित निकायों के महापौर, अध्यक्षों और अधिकारियों ने ये पुरस्कार ग्रहण किए। केन्द्रीय आवास और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल और केन्द्रीय आवास और शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू भी पुरस्कार समारोह में शामिल हुए। भारत सरकार के स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में अंबिकापुर, पाटन, विश्रामपुर और रायपुर ने भी राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाया है। स्वच्छ सर्वेक्षण में पहली बार शामिल नई श्रेणी 'स्वच्छता सुपर लीग' (एसएसएल) में अंबिकापुर, पाटन और विश्रामपुर ने जगह बनाई है। यह सम्मान उन शहरों को दिया गया, जो पिछले तीन वर्षों में कम से कम एक बार शीर्ष तीन में रहे हैं और वर्तमान वर्ष में शीर्ष 20 शहरों में शामिल हैं। अंबिकापुर ने 50 हजार से तीन लाख जनसंख्या श्रेणी में तथा पाटन और विश्रामपुर ने 20 हजार से कम आबादी वाले शहरों की श्रेणी में एसएसएल में अपना स्थान सुनिश्चित किया है। इनके अतिरिक्त, राजधानी रायपुर को छत्तीसगढ़ का 'प्रॉमिसिंग (Promising) स्वच्छ शहर' का पुरस्कार मिला है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सभी विजेता नगरीय निकायों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि राज्य के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने इन शहरों में स्वच्छता के प्रति नागरिकों, स्थानीय निकायों और प्रशासन के सामूहिक प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ये पुरस्कार राज्य के अन्य शहरों को भी अपने शहर को सुंदर और स्वच्छ बनाने के लिए प्रेरित करेंगे।

उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने भी आज पुरस्कृत नगरीय निकायों को बधाई दी और कहा कि यह छत्तीसगढ़ के लिए केवल एक सम्मान ही नहीं, बल्कि स्वच्छता के प्रति निरंतर प्रयासों का प्रमाण है। आने वाले समय में अन्य नगरीय निकायों को भी स्वच्छता के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त होंगे। शहरी सरकारों से लेकर राज्य और केंद्र की सरकार शहरों को स्वच्छ, सुंदर और सुविधापूर्ण बनाने के लिए कई नवाचारों के साथ सतत काम कर रहे हैं।

## अमरनाथ रूट पर लैंडस्लाइड से महिला की मौत, यात्रा रुकी

**नई दिल्ली**। यूपी में भारी बारिश का दौर जारी है। गुरुवार को प्रयागराज में गंगा-यमुना उफान पर हैं। नदियों के आसपास की 5 लाख आबादी पानी से घिर गई है। श्मशान घाट में पानी भर गया है। सड़कों पर अंतिम संस्कार किया जा रहा है।

उधर, जम्मू-कश्मीर में लगातार बारिश की वजह से बुधवार को अमरनाथ यात्रा रूट पर लैंडस्लाइड हुई। गंदेरबल जिले में बालटाल मार्ग पर हुए भूस्खलन में एक महिला तीर्थयात्री की मौत हो गई, तीन घायल हो गए। इससे यात्रा दिनभर के लिए रोक दी गई। हिमाचल में 20 जून से अब तक 109 लोगों की मौत हो चुकी है। साथ ही भारी बारिश और बादल फटने जैसी घटनाओं से 818 करोड़ रुपए की सरकारी और निजी संपत्ति का नुकसान हो चुका है। राजस्थान में झालावाड़ का ढाबा गांव चारों ओर से पानी से घिर गया है। लोग घर की छतों पर फंसे हैं। नागौर, बहरोड़ में स्कूल-मंदिर-ऑफिस में पानी घुस गया है। मध्य प्रदेश के मऊगंज जिले में लगातार बारिश की वजह से ग्रामीण इलाकों में बाढ़ जैसे हालात हैं। लोग सामान लेकर सुरक्षित स्थान की ओर जा रहे हैं।वहीं, बिहार के अलग-अलग जिलों में बुधवार को बिजली गिरने से 20 लोगों की मौत हो गई।

## छत्तीसगढ़ की स्वास्थ्य व्यवस्था को सशक्त और सुलभ बनाने की दिशा में जुड़ा नया अध्याय

# मुख्यमंत्री ने मैदानी स्वास्थ्य अमले के लिए 151 नए वाहनों को दिखाई हरी झंडी

### प्रदेश को शीघ्र मिलेंगे 851 नए एंबुलेंस :प्रधानमंत्री जन मन योजना के अंतर्गत विशेष पिछड़ी जनजातियों के लिए होगी एंबुलेंस की विशेष व्यवस्था

संवाददाता ● रायपुर

प्रदेश के कोने-कोने तक स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और सुदृढ़ीकरण हेतु राज्य सरकार पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। भरोसेमंद चिकित्सा सुविधा आमजन तक पहुँचाने की दिशा में उठाया गया यह कदम ऐतिहासिक है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज अपने निवास परिसर से मैदानी स्वास्थ्य अमले के लिए 151 वाहनों को हरी झंडी दिखाकर विभिन्न जिलों के लिए रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इन वाहनों के माध्यम से बस्तर और सरगुजा क्षेत्र के सुदूर अंचलों में भी लोगों को समय पर प्रभावी उपचार मिल सकेगा। यह 'स्वस्थ छत्तीसगढ़' की दिशा में एक सशक्त पहल सिद्ध होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ की स्वास्थ्य व्यवस्था को सशक्त और सुलभ बनाने की दिशा में आज एक नया अध्याय जुड़ गया है। पुराने, अनुपयोगी हो चुके वाहनों को स्क्रैप कर उनकी जगह अत्याधुनिक नए



वाहन शामिल किए गए हैं। यह पहल राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन, समयबद्ध निरीक्षण और निगरानी को भी गति प्रदान करेगी।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि जिला और विकासखंड स्तर पर कार्यरत अधिकारियों एवं मैदानी स्वास्थ्य कर्मियों के लिए उपलब्ध कराए जा रहे वाहनों से नियमित निरीक्षण, स्वास्थ्य शिविरों की निगरानी, दूरस्थ अंचलों तक त्वरित पहुँच और आपातकालीन परिस्थितियों में समयबद्ध हस्तक्षेप संभव हो सकेगा। इससे राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों का संचालन अधिक प्रभावी और गतिशील होगा तथा राज्य में स्वास्थ्य सेवा वितरण प्रणाली और अधिक सक्रिय, उत्तरदायी और परिणामोन्मुखी बनेगी। यह पहल प्रदेश के संपूर्ण स्वास्थ्य तंत्र को गति देने का कार्य करेगी।

मुख्यमंत्री श्री साय ने बताया कि प्रदेश के सभी जिलों को ये वाहन चरणबद्ध रूप से उपलब्ध कराए जाएंगे। प्रथम चरण में बस्तर और सरगुजा संभाग के 12 जिलों को ये वाहन भेजे जा रहे हैं। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि शीघ्र ही प्रदेश में 851 नवीन एंबुलेंस सेवाएं शुरू की जाएंगी, जिनमें से 375 एंबुलेंस 108 आपातकालीन सेवाओं के लिए, 30 एंबुलेंस ग्रामीण चलित चिकित्सा इकाइयों के लिए तथा 163 'मुक्तांजली' शव वाहन निःशुल्क सेवा के अंतर्गत दी जाएंगी।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जनजातीय समुदायों के उत्थान हेतु समर्पित भाव से कार्य कर रहे हैं। उनके मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री 'जन मन योजना' के तहत विशेष पिछड़ी जनजातियों के लिए 30 एंबुलेंस की व्यवस्था भी शीघ्र की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब वर्षा ऋतु जैसे चुनौतीपूर्ण समय में भी राज्य सरकार घर-घर स्वास्थ्य सेवा पहुँचाने के अपने संकल्प को पूरी तत्परता से पूर्ण कर सकेगी। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त करने हेतु किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी और इस दिशा में निरंतर प्रतिबद्धता दोहराई।

स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार पूरी क्षमता के साथ स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में निरंतर कार्यरत है। उन्होंने स्वास्थ्य अधोसंरचना को मजबूत बनाने हेतु सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी तथा मैदानी स्वास्थ्य अमले को इस विशेष सौगात के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

इस अवसर पर सीजीएमएससी के अध्यक्ष श्री दीपक म्हस्के, वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष श्री सलीम राज, स्वास्थ्य विभाग के सचिव श्री अमित कटारिया, आयुक्त डॉ. प्रियंका शुक्ला सहित बड़ी संख्या में अधिकारीगण एवं गणमान्यजन उपस्थित थे।

### कुमेड़ी आईएसबीटी शुरू करने को लेकर अधिकारियों से मिलेंगे होटल-रेस्टोरेंट वाले

# दो-तीन टेंडर के बाद भी नहीं शुरू हो सका बसों का संचालन

**संवाददाता ● इंदौर**

करोड़ों रुपए लोकधन खर्च कर आईडीए ने एमआर-10 बनवा दिया है। हालांकि इस शुरू करना अधिकारियों के लिए किसी चुनौती से कम नहीं प्रतीत हो रहा है। बताया जा रहा है कि दो-तीन बार टेंडर के बाद भी यहां से बेस दौड़ना शुरू नहीं हो सकी है। दूसरी और अधिकारी पत्थर मुंडला बस स्टैंड को देख इसे शुरू करने के पूर्व किसी प्रकार की कोई रिस्क नहीं लेना चाह रहे हैं। उधर दूसरी और आईएसबीटी परिसर के होटल रेस्टोरेंट संचालक भी बस स्टैंड नहीं शुरू होने से परेशान है। उनका कहना है कि 6 महीने से हम बिना एक रुपए कमाए कर्मचारियों को हजारों रुपए की तनख्वाह दे रहे हैं। इसलिए बस स्टैंड शुरू करने को जल्द ही हम अधिकारियों से मिलेंगे। जानकारी अनुसार पत्थर मुंडला आईएसबीटी (इंटर स्टेट बस टर्मिनल) बंद होने के बाद अधिकारी बहुत सतर्क है। इसलिए सभी तैयारी के बाद ही कुमेड़ी आईएसबीटी शुरू करना चाहते हैं। हालांकि कुमेड़ी आईएसबीटी बस निर्माण निर्माण प्रक्रिया के दौरान ही होटल, लॉज का काम भी शुरू हो गया था। इनके संचालकों को उम्मीद थी कि बस स्टैंड चालू होते ही उनका कारोबार भी चल निकलेगा, लेकिन उनकी उम्मीद पर तब पानी फिर गया, जब बस स्टैंड चालू नहीं हो पाया। एक माह से अधिक समय से यह बनकर तैयार है। टेंडर के बाद भी कोई कंपनी इसका जिम्मा नहीं लेना चाहती है। यहां 6 होटलें, 4 लॉज सहित कई दुकानें, गुमटी लग चुकी है। सभी को आस है कि बस स्टैंड चालू हुआ तो वे अच्छी कमाई कर सकेंगे।

**परेशानी**

### नशेड़ियों का शाम होते ही लग जाता है जमघट

आईएसबीटी परिसर के पास रहने वाले लोगों ने बताया कि परिसर में शाम होते ही नशेड़ियों का जमघट लग जाता है। यहां पास ही चंद कदमों की दूरी पर शराब की दुकान है। आईएसबीटी सूना पड़ा होने से कई युवक यहां आसपास शराबखोरी करते हैं। बस स्टैंड मार्ग पर चहल पहल नहीं होने से यहां कई युवक मादक पदार्थ बेचने खड़े रहते हैं, जिन्हें क्राइम ब्रांच और बाणगंगा पुलिस पकड़ भी चुकी है।



**आसपास की जमीनों के भी बढ़ गए दाम**

आवासीय क्षेत्र के बावजूद होटलें, लॉज खुलने से इसे व्यावसायिक क्षेत्र में तब्दील कर दिया गया है। इससे इंटर स्टेट बस टर्मिनल के आसपास की जमीन के दाम भी 11 हजार रुपए स्क्वेयर फीट से अधिक हो गए हैं। टर्मिनल के समीप मेट्रो ट्रेन का स्टेशन भी बनाया गया है। बस स्टैंड से दूर एमआर 10 रोड पर भी बड़ी होटल बन रही है। कई गुमटियां लग चुकी है। मेट्रो ट्रेन स्टेशन के पास एमआर 10 रोड पर सिटी बस स्टापेज का प्रस्ताव भी लंबित है, जिस पर जल्द काम किया जाएगा। सिटी बस स्टापेज बनने से ट्रेन से आवाजाही करने वालों को गंतव्य पहुंचने में सुगमता रहेगी।

### एमपी बोर्ड ने अनिवार्य आईडी लगाने के दिए निर्देश

## अपार आईडी के बाद ही भर सकेंगे 10 वीं 12 वीं के फॉर्म

**इंदौर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बोर्ड की 10वीं-12वीं की परीक्षा के लिए परीक्षार्थियों के फार्म भरने की प्रक्रिया शुरू कर दी है, लेकिन इस बार यह प्रक्रिया इसलिए खास हो गई है क्योंकि हर छात्र को फार्म में अपार आइडी लगानी होगी। यदि अपार आइडी फार्म के साथ नहीं होगी तो फार्म रिजेक्ट कर दिया जाएगा। जानकारी अनुसार आमतौर पर इंदौर के जिले में 10वीं व 12वीं के लगभग 65 हजार नियमित छात्र फार्म भरे जा सकते है। माध्यमिक शिक्षा मंडल ने हाल ही में बोर्ड परीक्षा 2025-26 के लिए गाइडलाइन जारी की है। उसमें अपार आइडी को फार्म के साथ लगाना अनिवार्य किया गया है। बता दें कि माध्यमिक शिक्षा मंडल हर साल जुलाई में शिक्षण सत्र की शुरुआत के साथ बोर्ड परीक्षाओं का कलेंडर और गाइडलाइन जारी करता है। इस बार की गाइडलाइन में कई तरह के प्रविधान किए हैं। आइडी यानी आटोमेटेड परमानेंट एकेडमिक अकाउंट रजिस्ट्री कहा जाता है। छात्रों के लिए एक 12 अंकों की यूनिक आइडी है। यह छात्रों के शैक्षणिक रिकार्ड को डिजिटल रूप से संग्रहित करने और एक्सेस करने के लिए है, जिससे छात्रों को अपनी शैक्षणिक जानकारी एक ही स्थान पर आसानी से उपलब्ध हो सके। अपार आइडी प्रत्येक छात्र के लिए एक विशिष्ट पहचान संख्या है, जो उन्हें शैक्षणिक संस्थानों में आसानी से ट्रैक करने और उनकी जानकारी तक पहुंचने में मदद करती है।

## शॉट न्यूज

### जिला न्यायालय में आधार कैंप आयोजित- 70 से अधिक पंजीयन पूर्ण

**इंदौर।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय श्रीवास्तव और कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देशानुसार जिला एवं सत्र न्यायालय और जिले के सभी तहसील न्यायालयों में कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों की सुविधा के लिए दो दिवसीय आधार पंजीयन कैंप का आयोजन किया गया। यह शिविर जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी द्वारा 15 एवं 16 जुलाई 2025 को जिला न्यायालय इंदौर (नई बिल्डिंग कॉन्फ्रेंस हॉल) में आयोजित किया गया। कैंप में आधार सुपरवाइजर सपना मावर और नितिन द्वारा अधिकारियों व कर्मचारियों के 70 से अधिक आधार पंजीयन किए गए। इस अवसर पर जिला ई-गवर्नेंस प्रबंधक अतुल दुबे ने बताया कि “शासकीय अधिकारियों व कर्मचारियों को डिजिटल सेवाओं का लाभ सरलता से दिलाने को इस प्रकार के कैंप समय-समय पर लगाए जाते हैं।

### शहर में 22 को चालू हो जाएगा आईटी 2.0 सॉफ्टवेयर

**इंदौर।** भारतीय डाक विभाग द्वारा डिजिटल सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में एक अहम कदम उठाया जा रहा है। 22 जुलाई को इंदौर शहर के विभिन्न डाकघरों में नवीन आईटी 2.0 एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर का रोलआउट किया जाएगा। यह बदलाव विभाग की सेवा गुणवत्ता में सुधार और डिजिटल दक्षता की दिशा में बड़ी पहल मानी जा रही है। रोलआउट की पूर्व तैयारियों के तहत 21 जुलाई (सोमवार) को इंदौर जीपीओ और उससे संबंधित 12 उपडाकघरों में केवल सामान्य जानकारी दी जाएगी, जबकि किसी प्रकार का लेन-देन नहीं किया जाएगा। इस अस्थायी असुविधा के लिए डाक विभाग ने ग्राहकों से सहयोग की अपील की है। प्रवर अधीक्षक डाकघर, इंदौर नगर संभाग ने बताया कि विभाग यह सुनिश्चित करेगा कि नया सॉफ्टवेयर निर्बाध रूप से कार्य करे।

### साफ पानी में पनपता है डेंगू का लार्वा, इसलिए जमा नहीं होने दें पानी...

**इंदौर।** डेंगू से बचना और मुक्त रहना चाहते हैं, तो इस संदेश को पढ़ने के बाद, इसका पालन करके, हम इन सभी बीमारियों से खुद को 100 फीसदी बचा सकते हैं। गर्मी का मौसम पूरी तरह से खत्म हो चुका है और बारिश शुरू हो गई है। सबसे पहले, हमने अपने घरों में कूलर रखे हैं, जिनका पानी हमने अभी तक खाली नहीं किया है। डेंगू मच्छर के प्रजनन के लिए यह सबसे उपयुक्त जगह है, जो घरों के अंदर रहता है, जिसके कारण हम विभाग के प्रचार-प्रसार के बाद भी अनजाने में यह बीमारी फैलाते हैं। साथ ही, निम्नलिखित सामग्रियाँ डेंगू मच्छरों के प्रजनन के मुख्य स्रोत हैं और ये निम्नलिखित जगहों पर 100% प्रजनन करते हैं जैसे पुराने टायर, पक्षियों के लिए रखे कटोरे, गमले, गमलों की ट्रे, मनी प्लांट, बांस का पौधा जो हम आजकल ड्राइंग रूम में रखते हैं।

## भोपाल स्टेशन पर मानसिक रूप से असंतुलित युवक को उसकी मां के सुपुर्द किया गया

**संवाददाता ● भोपाल**

भोपाल रेलवे स्टेशन पर दिनांक 17 जुलाई 2025 को एक मानसिक रूप से असंतुलित व्यक्ति द्वारा यात्रियों के बीच अराजक स्थिति उत्पन्न की गई। घटना प्लेटफॉर्म क्रमांक एक पर उस समय घटित हुई जब उक्त व्यक्ति यात्रियों से उलझ रहा था। ड्यूटी पर तैनात आरपीएफ आरक्षक रामबाबू द्वारा जब उसे समझाने का प्रयास किया गया, तो उसने उनके साथ भी बहस एवं हंगामा किया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए आरपीएफ आरक्षक रामबाबू द्वारा तत्काल उप निरीक्षक श्री रविंद्र सिंह को सूचित किया गया। उप निरीक्षक श्री सिंह ने तुरंत घटनास्थल पर पहुँचकर स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। जब स्थिति पर पूर्ण नियंत्रण नहीं पाया जा सका, तो आरपीएफ निरीक्षक को अवगत कराया गया, जिन्होंने मौके पर पहुंचकर स्थिति को शांत किया।

**अवगत**

पूछताछ के दौरान युवक ने अपना नाम भारत बताया और कहा कि उसकी माता कमला देवी, बीना में गैंगमैन के पद पर कार्यरत हैं। भारत द्वारा एक मोबाइल नंबर प्रदान किया गया, जिस पर संपर्क करने पर कमला देवी से बात की गई और उन्हें आरपीएफ पोस्ट भोपाल बुलाया गया। कमला देवी, निवासी रेलवे कॉलोनी बीना, आरपीएफ पोस्ट भोपाल पर पहुंचीं, जिसके पश्चात मानसिक रूप से असंतुलित युवक भारत (उम्र 33 वर्ष) को विधिवत प्रक्रिया के तहत उनकी माता के सुपुर्द कर दिया गया। रेलवे प्रशासन द्वारा की गई त्वरित कार्रवाई से न केवल स्टेशन परिसर में शांति व्यवस्था बनी रही, बल्कि एक मानसिक रूप से असंतुलित व्यक्ति को सुरक्षित ढंग से उसके परिजन के पास पहुंचाया जा सका।




## ग्रामीण क्षेत्रों में अनुकूल परिस्थितियों के कारण कंजम्प्शन थीम में सुधार

**भोपाल।** ग्रामीण इलाकों में लोगों की बढ़ती आय और सामान्य मानसून की संभावना भारत में कंजम्प्शन में आशावाद को जगा रही है। कंजम्प्शन पर आधारित म्यूचुअल फंडों ने 2024 में निवेशकों को काफी आकर्षित किया है। 2025 की शुरूआत में एक छोटे से झटके के बाद, व्यापक बाज़ार की तरह मार्च से इस श्रेणी में उछाल आया है। कंजम्प्शन फंडों में, टाटा इंडिया कंज्यूमर फंड निवेशकों के लिए विचार करने योग्य निवेश विकल्पों में से एक है। टाटा इंडिया कंज्यूमर फंड की मासिक औसत प्रबंधनाधीन संपत्ति 30 जून, 2025 तक 2,457.4 करोड़ रुपये तक पहुँच गई, जिसमें 31 मार्च, 2024 के 1,457 करोड़ रुपये से 69% की वृद्धि हुई है। निवेश के संदर्भ में, टाटा म्यूचुअल फंड के आंतरिक आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-जून 2025 में टाटा इंडिया कंज्यूमर फंड में भोपाल से 3.74 करोड़ रुपये निवेश किए गए, जो 2024 की इसी अवधि में किए गए निवेश से चार गुना अधिक है। टाटा एसेट मैनेजमेंट की सीनियर फंड मैनेजर सोनम उदासी ने कहा, ‘भारत में कंजम्प्शन एक स्ट्रक्चरल थीम बनी हुई है, जिस पर युवा आबादी, बढ़ती आय और आकांक्षाओं से आने वाली मांगों का प्रभाव है।‘ उन्होंने आगे कहा, ‘हमने टाटा इंडिया कंज्यूमर फंड को विवेकाधीन और सेवा-आधारित खपत की ओर झुकाव के साथ रिपोज़िशन किया है, और अत्यधिक प्रचलित, बहुत ज़्यादा इस्तेमाल किए जाने वालों को टाला है।

**भोपाल में टाटा कंज्यूमर फंड में निवेश चौगुना हुआ**

### पंजाब नैशनल बैंक द्वारा 17 जुलाई को

## पीएनबी मेगा रिटेल आउट रीच का आयोजन किया



**संवाददाता ● भोपाल**

पंजाब नैशनल बैंक द्वारा 17 जुलाई 2025 को पीएनबी मेगा रिटेल आउटरीच का आयोजन विराशा निसर्ग बावड़िया कलाँ भोपाल में आयोजित किया गया। मण्डल कार्यालय भोपाल के तत्वावधन में आयोजित इस कार्यक्रम में श्रीसंजय गुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक , प्रधान कार्यालय से मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए तथा एक्स्पो का शुभारंभ उनके कर कमलों द्वारा किया गया। यह कार्यक्रम भोपाल मण्डल प्रमुख श्री डी के झा, मण्डल प्रमुख की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भोपाल अंचल के उप अंचल प्रमुख श्री नवीन बुंदेला, उप अंचल प्रमुख श्री हर्ष मेहता, एवं अंचल लेखा प्रमुख श्री विवेक मित्तल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

पीएनबी रिटेल आउटरीच में इच्छुक हितग्राहियों को गृह निर्माण हेतु आवास ऋण, कार ऋण, माय प्रोपर्टी, शिक्षा ऋण एवं सोलर पेनल लगाने हेतु सूर्यघर ऋण उपलब्ध कराने एवं वित्तीय समाधान के उद्देश्य से यह आउटरीच आयोजित किया गया। आउटरीच में बड़े बिल्डर्स, आर्किटेक्ट, सोलर रूफटॉप विक्रेता, रियल एस्टेट डीलर एजेंट एवं बैंक के प्रतिनिधि उपस्थित थे । आउटरीच में बड़ी संख्या में हितग्राहियों द्वारा सहभागिता की गई। उपस्थित हितग्राहियों को बैंक की रीटेल स्कीमो जैसे आवास ऋण, कार ऋण, माय प्रोपर्टी, शिक्षा ऋण एवं सूर्यघर ऋण के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

इस सफल आयोजन में हितग्राहियों की बहुत ही शानदार प्रतिक्रिया रही। बैंक द्वारा 7.45% से शुरू आवास ऋण, 7.80 % से शुरू वाहन ऋण,7.0% से शुरू शिक्षा ऋण और 10.25 % से शुरू माइ प्रोपर्टी ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। इन ऋणों में प्रसंस्करण और दस्तावेज़ीकरण शुल्क में भी विशेष छूट प्रदान किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त आवास ऋण अधिग्रहण के मामले में बैंक एनईसी/कानूनी और मूल्यांकन शुल्क वहन करेगा।

इस आउटरीच में हितग्राहियों को विशेष ऑफर एवं छूट के साथ त्वरित सैद्धांतिक स्वीकृति दी गई तथा मुख्य अतिथि श्री संजय गुप्ता जी, उप अंचल प्रमुख एवं मण्डल प्रमुख के कर कमलों द्वारा लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किये गए। बैंक को लगभग रु. 75.00 करोड़ की लीड प्राप्त हुई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री संजय गुप्ता जी ने सभी हितग्राहियों को संबोधित किया कि पंजाब नैशनल बैंक ने ग्राहकों को उत्कृष्ट सेवाएं देकर सोहाद्रपूर्ण और मजबूत सम्बन्ध बनाएं रखा है. बैंक सदैव ही अपने ग्राहकों को आधुनिकतम बैंकिंग सेवाएं प्रदान करता रहा है। मुख्य अतिथि में हितग्राहियों से रूबरू होकर उनसे विचारविर्मश किया एवं उनके बहुमूल्य सुझावों से अवगत हुये। बैंक ऋणों को समय बद्ध तरीके से ऋण स्वीकृति प्रदान कर रहा है, इसके लिए मुख्य अतिथि द्वारा पीएनबी भोपाल की टीम को बधाई दी। कार्यक्रम के अंत में उप मण्डल प्रमुख द्वारा सभी हितग्राहियों एवं उपस्थित सभी अधिकारीगणों को आभार व्यक्त किया।

### एयरटेल और पर्प्लेक्सिटी की साझेदारी: 17,000 रुपये का सालाना सब्सक्रिप्शन अब एयरटेल ग्राहकों के लिए बिल्कुल मुफ्त

## 36 करोड़ ग्राहकों को मिलेगा पर्प्लेक्सिटी प्रो का सालभर फ्री एक्सेस

**संवाददाता ● नई दिल्ली**

भारती एयरटेल ने पर्प्लेक्सिटी के साथ साझेदारी की है, जिसके तहत वह अपने सभी 36 करोड़ ग्राहकों को पर्प्लेक्सिटी प्रो का 12 महीने का सब्सक्रिप्शन बिल्कुल मुफ्त उपलब्ध कराएगा। पर्प्लेक्सिटी एक आधुनिक जनरेटिव एआई टूल है, जो पारंपरिक सर्च इंजन के मुकाबले कहीं ज्यादा तेज़, सटीक और गहराई से रिसर्च किए गए जवाब, यूज़र को संवाद शैली में उपलब्ध कराता है। यह केवल वेबसाइट लिंक्स दिखाने की बजाय ऐसा उत्तर देता है, जिसे सीधे पढ़ा और समझा जा सके और जिसे यूज़र अपनी ज़रूरत के अनुसार एआई से संवाद कर और बेहतर बना सकता है।

पर्प्लेक्सिटी की एक फ्री सेवा भी मौजूद है, जिसमें बेसिक सर्च फीचर्स मिलते हैं। लेकिन पर्प्लेक्सिटी प्रो वर्जन खासतौर पर प्रोफेशनल्स और हेवी यूज़र्स के लिए बनाया गया है। इसमें रोजाना अधिक प्रो सर्च की सुविधा, एडवांस एआई मॉडल्स (जैसे जीपीटी-4.1, क्लॉड आदि) का एक्सेस, मॉडल चयन की सुविधा, डीप रिसर्च, इमेज जनरेशन, फाइल अपलोड व एनालिसिस, और पर्प्लेक्सिटी पर्प्लेक्सिटी लैब्स जैसे इनोवेटिव टूल्स मिलते हैं, जो किसी भी विचार को वास्तविकता में बदलने में मदद करते हैं। इस सब्सक्रिप्शन की वैश्विक कीमत रु17,000 सालाना है।




अब यह रु17,000 की पर्प्लेक्सिटी प्रो सेवा एयरटेल के सभी मोबाइल, वाई-फाई और डीटीएच ग्राहकों को एक साल के लिए मुफ्त में दी जा रही है। भारत में किसी टेलीकॉम कंपनी और जनरेटिव एआई के बीच यह अपनी तरह की पहली साझेदारी है। ग्राहक एयरटेल थैंक्स एप के ज़रिए इस ऑफर का लाभ उठा सकते हैं।

साझेदारी पर बोलते हुए भारती एयरटेल के वाइस चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर गोपाल विट्टल ने कहा, ‘हम पर्प्लेक्सिटी के साथ इस गेम-चेंजर साझेदारी की घोषणा करते हुए बेहद उत्साहित हैं। यह सहयोग करोड़ों यूज़र्स को एक शक्तिशाली और रियल टाइम नॉलेज टूल उनके हाथों में मुफ्त उपलब्ध कराएगा। भारत में अपनी तरह की यह पहली जनरेटिव एआई साझेदारी, ग्राहकों को डिजिटल दुनिया के बदलते ट्रेंड्स के साथ आत्मविश्वास और सहजता से आगे बढ़ने में मदद करेगी।”

पर्प्लेक्सिटी के को-फाउंडर और सीईओ अरविंद श्रीनिवास ने कहा, ‘यह साझेदारी भारत में और अधिक लोगों — चाहे वह छात्र हों, कामकाजी प्रोफेशनल्स या गृहिणियां — को सटीक, भरोसेमंद और प्रोफेशनल-ग्रेड एआई उपलब्ध कराने का एक शानदार माध्यम है।पर्प्लेक्सिटी प्रो के साथ यूज़र्स को जानकारी खोजने, सीखने और अपने काम को करने का एक ज्यादा स्मार्ट और आसान तरीका मिलता है। इस साझेदारी की ताक़त को एक उदाहरण से समझा जा सकता है, राजकोट का एक छात्र पर्प्लेक्सिटी प्रो की मदद से वेब पर वैध रिसर्च प्रोसेस सीख सकता है, अपने प्रोजेक्ट्स को व्यवस्थित और सटीक तरीके से तैयार कर सकता है, जिससे उसकी एकेडमिक क्वालिटी में सुधार होगा।कन्याकुमारी की एक गृहिणी को अपने रोज़मर्रा के कार्यों में तेज़ और स्पष्ट जवाब मिल सकते हैं, जिससे रचनात्मकता और निर्णय लेने की क्षमता बेहतर होगी।

एक बिज़ी प्रोफेशनल, जो अपने परिवार के साथ छुट्टी की योजना बना रहा है — पर्प्लेक्सिटी प्रो केवल कुछ सेकेंड में यूज़र द्वारा बताए गए बजट, समय और गतिविधियों के अनुसार पूरा ट्रैवल इटिनरेरी तैयार कर सकता है। इससे यूज़र की प्रोडक्टिविटी बढ़ती है और योजना से जुड़ा तनाव पूरी तरह खत्म हो जाता है। *ग्राहकों को मिलने वाले लाभ वर्तमान पर्प्लेक्सिटी पर्प्लेक्सिटी एआई सब्सक्रिप्शन (1 वर्ष के लिए) पर आधारित हैं। शर्तें लागू।

### HITS का MBA कार्यक्रम 2025 बैच के लिए

# उद्योग-केंद्रित विशेषज्ञताओं के साथ छात्रवृत्तियाँ प्रदान करता है

**संवाददाता ● भोपाल**

हिंदुस्तान इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस (HITS) ने MBA 2025 बैच के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी है। QS I-Gauge डायमंड रेटिंग, NAAC A+ मान्यता प्राप्त और NIRF 2024 (मैनेजमेंट) में 101–125 रैंक बैंड में स्थान प्राप्त HITS ने प्रबंधन शिक्षा में तीन दशकों से अधिक की उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया है। इस MBA कार्यक्रम में उद्योग-केंद्रित विशेषज्ञताएँ शामिल हैं जैसे वित्त, विपणन, मानव संसाधन, अस्पताल प्रबंधन, विमानन प्रबंधन, लॉजिस्टिक्स और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन, मीडिया और मनोरंजन, तथा बिजनेस एनालिटिक्स—जिन्हें IBM और लॉजिस्टिक्स स्किल काउंसिल जैसे शीर्ष उद्योग संस्थानों के सहयोग से तैयार किया गया है।

**सहयोग**



प्रमुख भर्तीकर्ताओं में IBM, फ्लिपकार्ट, कोटक महिंद्रा बैंक, इंडिगो, HT मीडिया, बिग बास्केट, रेडियो मिर्ची और अमुरा हेल्थ शामिल हैं। कार्यक्रम के विज़न पर बोलते हुए, डॉ. आनंद जैकब वर्गीज़, चांसलर, HITS और चेयरमैन, हिंदुस्तान ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स ने कहाः ‘HITS का MBA एक परिवर्तनकारी मंच है जो भविष्य के व्यापारिक नेताओं को प्रभावशाली योगदान देने के लिए तैयार करता है। हम व्यावहारिक कौशल, वैश्विक दृष्टिकोण और मजबूत नैतिक मूल्यों पर ध्यान केंद्रित करते हैं, जिससे हमारे छात्र 21वीं सदी की चुनौतियों का आत्मविश्वास से सामना कर सकें।‘ इस कार्यक्रम में वे सभी छात्र आवेदन कर सकते हैं जिन्होंने किसी भी स्नातक विषय में न्यूनतम 50% अंक प्राप्त किए हों। CAT, MAT, XAT और CMAT स्कोर मान्य हैं। आवेदन https://apply.hindustanuniv.ac.in पर ऑनलाइन किए जा सकते हैं। मेरिट के आधार पर छात्रवृत्तियाँ भी उपलब्ध हैं और वर्किंग प्रोफेशनल्स के लिए फ्लेक्सिबल ऑनलाइन मोड भी प्रदान किया जाता है।

HITS का MBA कार्यक्रम छात्रों को व्यावसायिक उपकरणों के माध्यम से प्रयोगात्मक शिक्षण का अनुभव प्रदान करता है, जैसे कि AIMA BizLab और ALSIM एविएशन सिम्युलेटर (IATA के सहयोग से)। हॉस्पिटल मैनेजमेंट विशेषज्ञता में, छात्र ग्लेनीग्ल्स ग्लोबल हॉस्पिटल्स, शंकर नेत्रालय अकादमी जैसे प्रमुख संस्थानों में प्रायोगिक प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। HITS के 150 से अधिक वैश्विक शैक्षणिक साझेदार हैं, जिनमें ENAC फ्रांस और कोरियन एयरोस्पेस यूनिवर्सिटी शामिल हैं, जो छात्रों को एक्सचेंज प्रोग्राम और अंतरराष्ट्रीय इंटर्नशिप का अवसर प्रदान करते हैं। 20 से अधिक देशों से छात्रों की उपस्थिति HITS को एक सांस्कृतिक रूप से विविध शिक्षण संस्थान बनाती है। नवाचार को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय ने Bay Range Innovation and Incubation Centre (BRIIC) की स्थापना की है, जो National Entrepreneurship Network (NEN) के सहयोग से विकसित किया गया है। इसमें Hindustan Technology Business Incubator (HTBI) और Hindustan Entrepreneurship and Innovation Centre (HEIC) का एकीकरण है, जो छात्र-नेतृत्व वाले स्टार्टअप्स को मेंटरशिप, प्रोटोटाइपिंग और निवेश तक पहुंच प्रदान करता है। अपने मजबूत शैक्षणिक ढांचे, वैश्विक साझेदारियों और उद्योग से जुड़ाव के साथ, HITS का MBA कार्यक्रम भावी नेताओं को एक प्रभावशाली और भविष्य के लिए तैयार करियर की ओर अग्रसर करता है।




**5 हजार**
सफाईकर्मी हर रोज चार घंटे में बारह सौ टन कचरा उठाकर करते हैं इंदौर को साफ

**लगातार आठवीं बार इंदौर सबसे साफ शहर घोषित।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया सम्मानित

नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, निगमायुक्त शिवम वर्मा ने लिया पुरस्कार

# सुपर लीग में भी हम सबसे ऊपर

**संवाददाता ● इंदौर**

स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के तहत सुपर स्वच्छ लीग में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले नगरीय निकायों को आज सुबह दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सम्मानित किया। इंदौर ने एक बार फिर देशभर में पहला स्थान हासिल किया है। यह लगातार आठवीं बार है, जब इंदौर को देश का सबसे स्वच्छ शहर चुना गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इंदौर को सम्मानित किया। इस बार इंदौर को 'सुपर लीग' में भी शामिल किया गया है। दूसरे नंबर पर सूरत और तीसरे स्थान पर नवीं मुंबई रहा। सुपर लीग में देश के उन 23 शहरों को जगह दी गई है जो अब तक के सर्वे में पहले, दूसरे या तीसरे स्थान पर रह चुके हैं। सम्मान समारोह में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, महापौर पुष्यमित्र भार्गव और निगम आयुक्त शिवम वर्मा भी मौजूद थे।


स्वच्छता में लगातार आठवीं बार अव्वल आने की खुशी में नगर निगम मुख्यालय में विशेष सजावट की गई। सफाई मित्रों ने जहां नगर निगम मुख्यालय परिसर में रंगोली बनाई वहीं मिठाई बांटकर एक-दूसरे का मुंह मीठा करवाकर खुशी का इजहार किया। राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में हो रहे स्वच्छता कार्यक्रम की शहरवासियों को लाइव टेलीकॉस्ट दिखाने के लिए राजबाड़ा चौक में विशाल एलईडी स्क्रीन लगाई गई, जिसके सामने बैठ शहरवासियों ने कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी देखा। बड़ी संख्या में शहरवासी इस दौरान मौजूद रहे।

## ऐसे बने हम नंबर-1

### कचरे को किया अलग-अलग

साल 2018 में पहली बार गीला और सूखा कचरा अलग-अलग किया, इसकी शुरुआत घर-घर से हुई, साल-दर-साल इसकी श्रेणी बदलती गई अब छह तरह का कचरा अलग-अलग कर ट्रेंचिंग ग्राउंड तक पहुंच रहा है।

### मार्केट में भी दिखा बदलाव

घर, कॉलोनी और मोहल्लों के बाद शहर के प्रमुख बाजारों ने भी सफाई में योगदान देना शुरु किया। दुकानों और व्यापारिक संस्थाओं से डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन की शुरुआत हुई, वहीं दुकानदारों ने भी डिस्पोजेबल प्लेट और सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध किया।



## सुपर स्वच्छ लीग सिटीज में प्रदेश के इन शहरों को अवार्ड

- दस लाख से अधिक आबादी में — **इंदौर**
- 03 से 10 लाख की आबादी में — **उज्जैन**
- हजार से कम आबादी वालों में — **बुधनी**

## विदेशी प्रतिनिधिमंडल आए

22 सदस्यीय विदेशी टीम इंदौर आई। यह 6 अलग-अलग देशों से थी। इन्होंने इंदौर के बायो सीएनजी संयंत्र, घर-घर कूड़ा संग्रह, कंपोस्टिंग समाधान और सफाई स्टाफ की प्रशिक्षण विधियों का ज्ञान साझा किया। ये देश शामिल थे... फ्रांस, उरुग्वे, फिजी, जाम्बिया, ग्वाटेमाला, होंडूरस ।

## सफाई में ग्लोबल आइकॉन बना इंदौर, 50 से ज्यादा देशों ने सीखे स्वच्छता के मंत्र

पिछले कई वर्षों से 'स्वच्छ सर्वेक्षण' में सबसे साफ शहर बनकर उभरा इंदौर अब वैश्विक स्तर पर स्वच्छता के लिए जाना जाने लगा है। इसके सख्त सफाई और कचरा प्रबंधन नीतियों ने इसे एक अंतरराष्ट्रीय केंद्र भी बना दिया है, जहां दुनियाभर के देश अपने प्रतिनिधियों को भेजकर इसकी प्रणाली सीखने की प्रेरणा पा रहे हैं। कुछ साल के अंदर कई दल इंदौर आ चुके हैं और उन्होंने यहां से सीखी स्वच्छता की बातों को अपने देशों में भी लागू किया है। अब तक देश के अलग अलग शहरों के 100 से अधिक प्रतिनिधि स्वच्छता मॉडल को देखने के आ चुके हैं। दुनियाभर के 50 से अधिक देशों के प्रतिनिधि भी यहां पर आकर स्वच्छता के गुर सीख चुके हैं। फ्रांस से लेकर फिजी और जाम्बिया तक के देशों ने इंदौर के सफाई मॉडल पर विश्वास दिखाया है। देश-विदेश से आए प्रतिनिधियों ने इसकी उत्कृष्टता को सराहा और उसे सीखने की इच्छा जताई है, जो स्वच्छ भारत और ग्लोबल सिटी मॉडल की दिशा में एक मजबूत कदम है।



## शिवम वर्मा ने बरकरार रखी परंपरा

लगातार सफाई में सात बार से नंबर आने के बाद इंदौर शहर पर अपनी प्रतिष्ठा बनाए रखने का दबाव बढ़ने लगा, निगमायुक्त शिवम वर्मा ने सफाई में अव्वल बनाकर इंदौर की प्रतिष्ठा-परंपरा को बरकरार रखा। अपनी कड़ी मेहनत और कुशल नेतृत्व के दमपर शिवम वर्मा ने अपनी टीम में विश्वास जगाया। निगमायुक्त शिवम वर्मा ने भी अपर आयुक्त अभिलाष मिश्रा को फ्री हेंड देते हुए सफाई की जिम्मेदारी दी, मिश्रा भी निगमायुक्त के भरोसे पर खरे उतरे और अपनी टीम को सफाई के लिए मोटिवेट किया तथा लापरवाही मिलने पर सख्ती भी बरती इसी के चलते इंदौर एक बार फिर सफाई में सिरमौर बना। सफाई में नवाचार के लिए भी इंदौर देशभर में मिसाल बन गया है। नगर निगम ने नवाचार के माध्यम से शहर को सफाई में सबसे आगे रखा।





## कलेक्टर आशीष सिंह के अनुभव का भी मिला फायदा

वर्तमान इंदौर कलेक्टर आशीष सिंह पूर्व में नगर निगम आयुक्त की जिम्मेदारी निभा चुके हैं, उनके कार्यकाल में भी इंदौर सफाई में अव्वल रहा। उनके कार्यकाल में इंदौर ने सफाई को लेकर कई नवाचार किए। सिंह के इसी अनुभव का फायदा वर्तमान में भी मिल रहा है, प्रशासनिक जिम्मेदारी के साथ-साथ कलेक्टर आशीष सिंह सफाई में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका रहे हैं। अनके अनुभव का लाभ नगर निगम की टीम को भी भरपूर मिल रहा है।

## आईआईएम ने शुरू किया कोर्स, देशभर से आ रहे अधिकारी

इंदौर आईआईएम द्वारा शुरु की गई पहल अन्वेषण से देशभर में स्वच्छता के लिए जागरुकता बढ़ रही है। अन्वेषण आईआईएम इंदौर द्वारा चलाया जा रहा कोर्स है जिसमें देशभर के निगम आयुक्त और वरिष्ठ अधिकारी स्वच्छता से जुड़ी ट्रेनिंग लेते हैं। अपशिष्ट प्रबंधन और वॉश (WASH: जल, स्वच्छता और सफाई) पर केंद्रित अन्वेषण की कई बैच निकल चुकी हैं। चार दिवसीय कार्यक्रम में देश के कई राज्यों के नगर निगम आयुक्त और वरिष्ठ अधिकारी शामिल होते हैं। अन्वेषण की यह बैच अपशिष्ट प्रबंधन और स्वच्छता के माध्यम से देशभर के अधिकारियों को एक मंच पर लाने का काम करती है। आईआईएम इंदौर के निदेशक प्रो. हिमांशु राय ने कहा कि कार्यक्रम के दौरान प्राप्त ज्ञान और अंतर्दृष्टि का उपयोग कर सभी अधिकारी अपने संबंधित शहरों में स्थायी अपशिष्ट प्रबंधन प्रथाओं को लागू कर रहे हैं। इससे स्वच्छ भारत अभियान में महत्वपूर्ण योगदान हो रहा है।

## त्यौहारों के बाद हो जाता है कचरा साफ

इंदौर में कई त्यौहारों पर सड़कों पर कचरा फैल जाता है, लेकिन उसे उठाने में नगर निगम देरी नहीं करता। दो-तीन घंटों के भीतर शहर साफ नजर आता है। इंदौर में दीपावली पर खूब आतिशबाजी होती है। सड़कों व गलियों में इधर-उधर कचरा बिखर जाता है, लेकिन दूसरे दिन शहरवासी जब सुबह जागते हैं तो शहर रोज की तरह साफ दिखाई देता है। दीपावली खत्म होते ही तड़के तीन बजे ही सफाई अमला सड़कों पर उतर जाता है। इसी तरह इंदौर मे रंग पंचमी की गेर निकलती है। शहर के मध्य हिस्से में 4 लाख से ज्यादा लोग एकत्र होते हैं। सड़कों पर गुलाल, राम रज, कचरा बिखर जाता है, लेकिन गेर समाप्त होने के एक घंटे के भीतर सड़कों की सफाई-धुलाई हो जाती है। गोगादेव नवमी पर शहर के सफाईमित्र अवकाश पर रहते है। उस दिन शहरवासी खुद सफाई का जिम्मा अपने हाथों में लेते हैं।

# स्वच्छता में मिला पुरस्कार विरोधियों को करारा जवाब : विजयवर्गीय

कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने इंदौर पहुंचने पर स्वच्छता रैंकिंग में इंदौर को लगातार आठवीं बार देश में नंबर वन स्थान मिलने पर गर्व जताते हुए कहा कि इंदौर पर उंगलियां उठाने वालों के मुंह पर यह अवॉर्ड करारा तमाचा है। इंदौर एयरपोर्ट पर मीडिया से चर्चा में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि इंदौर की यह ऐतिहासिक उपलब्धि जन भागीदारी और नगर निगम की टीम की अथक मेहनत का परिणाम है। उन्होंने जोर देकर कहा कि स्वच्छता में पुरस्कार पाना ही नहीं, बल्कि लगातार उसे बरकरार रखना बड़ी बात है, और इंदौर ने यह कर दिखाया है। मंत्री विजयवर्गीय ने यह भी बताया कि इस बार केवल इंदौर ही नहीं, बल्कि देवास, उज्जैन, जबलपुर समेत मध्य प्रदेश के कई प्रमुख शहरों ने भी राष्ट्रीय स्वच्छता पुरस्कार हासिल कर प्रदेश का मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने का प्रयास किया है। जब एक साथ प्रदेश के आठ शहरों को सम्मान मिलता है, तो यह मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रभावशाली नेतृत्व का परिणाम है।




**देश में सबसे पहले रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था** – उन्होंने कहा कि इंदौर ने देश में सबसे पहले रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था शुरू की थी, जिसमें महिला सफाईकर्मी भी पूरी सुरक्षा के साथ सफाई कर रात में घर लौटती हैं। वही महापौर पुष्यमित्र भार्गव और नगर निगम की टीम की मेहनत को सराहते हुए विजयवर्गीय ने कहा कि यह टीम दिन-रात मेहनत कर शहर को स्वच्छ बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

**इंदौर की जनता का धन्यवाद** – वाराणसी को गोद लेने के सवाल पर उन्होंने कहा कि आप कितनी भी आधुनिक मशीनें खरीद लें या तकनीक अपना लें, जब तक आम जनता की भागीदारी नहीं होगी, तब तक कोई भी शहर स्वच्छ नहीं बन सकता। अंत में उन्होंने इंदौर की जनता का धन्यवाद करते हुए कहा कि इंदौर की जनता के मन में सफाई है, यही इसकी सबसे बड़ी ताकत है और यही भावना अन्य शहरों को भी प्रेरित कर रही है।

## क्यों हैं हम नंबर1

| | |
|---|---|
| 5000 | से ज्यादा सफाईकर्मी व 1500 का अतिरिक्त अमला सफाई व्यवस्था संभालता है। |
| 1200 | टन कचरा उठता है हर रोज इंदौर में। इसमें 7 सौ टन गीला व 5 सौ टन सूखा कचरा होता है। |
| 757 | डोर टू डोर कचरा कलेक्शन वाहन रोज इंदौर की सड़कों पर निकलते हैं। |
| 23 | स्वीपिंग मशीनें है जो सड़कों से रोज धूल उठाती हैं और सड़कों को धोती है। |
| 22 | जोन में 22 जोनल अधिकारी, 22 सीएसआई और 44 एसीएसआई सफाई व्यवस्था पर निगरानी रखते हैं। |



**शहरवासी** भी सड़कें-गलियां गंदी नहीं करते

## अपना इंदौर फिर सुपर, रैंकिंग में सबसे ऊपर : महापौर

इंदौर एक बार फिर स्वच्छता की रैंकिंग में अव्वल रहा है और लगातार आठवीं बार देश का नंबर वन शहर बनकर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने समस्त इंदौरवासियों को हार्दिक बधाई दी है और इसे इंदौर की आदत, अनुशासन और सामूहिक प्रयासों का परिणाम बताया है। उन्होंने शहर के सफाई मित्रों का आभार व्यक्त किया और कहा कि, 'उनकी अथक मेहनत और सेवा भावना के कारण ही इंदौर आज फिर से देश के स्वच्छता मानचित्र में शीर्ष पर है।' महापौर ने नागरिकों से आग्रह किया कि जब भी गली में कचरा गाड़ी आए, तो



'उसका स्वागत करें, सफाई मित्रों का अभिनंदन करें और स्वच्छता को अपनी ज़िम्मेदारी समझकर निभाएं।' उन्होंने आगे कहा कि यह समय उत्सव मनाने का है। 'अपने शहर की इस गौरवमयी उपलब्धि को उत्सव के रुप में मनाएं और इसे अगले स्तर पर ले जाने का संकल्प लें।' महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि इंदौर फिर से सिरमौर बना है। देशभर के शहरों के लिए स्वच्छता का मॉडल बन चुका इंदौर नंबर 1 की प्रतियोगिता से बहुत आगे निकल चुका है। अब इंदौर मार्गदर्शक की भूमिका में है और अन्य शहरों को स्वच्छता का पाठ पढ़ाएगा।

संपादकीय

## हितों की बात करे भारत



रूस के साथ व्यापार को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की चेतावनी भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड डील पर चल रही बातचीत में अड़चन पैदा कर सकती है। यूक्रेन युद्ध रुकवाने में नाकाम रहे ट्रंप अब दूसरे जरियों से मॉस्को पर दबाव बनाना चाहते हैं। हालांकि इसमें सफलता की गारंटी नहीं और इससे दुनिया में नया तनाव पैदा हो सकता है। ट्रंप ने युद्ध खत्म करने के लिए रूस को 50 दिनों की मोहलत दी है, और यही डेडलाइन उन्होंने उन देशों के लिए रखी है, जो रूस से तेल समेत दूसरे सामान खरीदते हैं। अमेरिका की धमकी है कि इसके बाद इन देशों पर 100% टैरिफ लगाया जाएगा। यही बात नैटो महासचिव मार्क रूट भी दोहरा रहे हैं, बल्कि उन्होंने तो सीधे-सीधे भारत , चीन और ब्राजील का नाम लिया कि इन देशों को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पूतिन से शांति के लिए बात करनी चाहिए। कुछ वक्त पहले तक ट्रंप इस बात पर डटे थे कि किसी भी सूरत में यूक्रेन युद्ध रुकना चाहिए। लेकिन, जब उनका दबाव रूस पर कारगर नहीं हुआ, तो उन्होंने रणनीति बदल दी। अब वह यूक्रेन को हथियार सप्लाई करने के लिए तैयार हैं और पूछ भी रहे हैं कि क्या रूस पर हमला कर लोगे? अमेरिका और दूसरे पश्चिमी देश चाहते हैं कि रूस को झुकाने में बाकी दुनिया भी उसका साथ दे - खासकर भारत और चीन। साल 2022 में, जब से यूक्रेन युद्ध शुरू हुआ है, अमेरिका की यही कोशिश है। पहले भी उसने रूस से तेल खरीदने को लेकर भारत पर सवाल उठाए थे और यहां से उसे इसका माकूल जवाब भी मिला था कि दुनिया के हर हिस्से के अपने-अपने हित होते हैं। साल 2024-25 में भारत और रूस के बीच 68.7 अरब डॉलर का व्यापार हुआ था। इसमें सबसे ज्यादा फोकस में रहा तेल। यूक्रेन युद्ध शुरू होने के पहले तक देश की ज्यादातर तेल जरूरत मिडल ईस्ट से पूरी होती थी और तब रूस से केवल एक फीसदी क्रूड ऑयल ही आता था। आज यह हिस्सा एक तिहाई से ज्यादा है। मई में भारत ने रूस से हर दिन करीब 20 लाख बैरल तेल मंगाया था। इस व्यापार के पीछे साधारण-सा लॉजिक है, बचत। हर रिश्ते को मुनाफे में तौलने वाले ट्रंप भारत-रूस संबंधों को बहुत अच्छी तरह से जानते हैं। उनके दबाव बनाने के पीछे एक वजह BRICS भी है, जिसकी सक्रियता उन्हें पसंद नहीं आ रही। भारत को इस मामले में अमेरिका के सामने अपना पक्ष मजबूती से रखना चाहिए, जिसे पिछली बाइडन सरकार ने समझा भी था।

# डॉ. मोहन यादव के दुबई दौरे से खुली मध्यप्रदेश में निवेश की नई राहें

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश ने बेहद कम समय में निवेश, रोजगार सृजन और शहरी विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है, जिससे मध्यप्रदेश को आज भारत का सबसे प्रगतिशील राज्य बना दिया है।**



*– हर्षवर्धन पान्डे*

लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं





भारत का हृदय प्रदेश मध्यप्रदेश आज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में औद्योगिक और आर्थिक प्रगति की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उनके विजन और निवेशकों के प्रति सरकार की पारदर्शी नीतियों ने आज मध्यप्रदेश को देश के सबसे आकर्षक निवेश स्थलों में से एक बना दिया है। हाल के वर्षों में डॉ. यादव की विदेश यात्राओं और रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव जैसे नवाचारों ने राज्य में निवेश की लहर को बूस्टर डोज देने का काम किया है।मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश को निवेश के लिए बेहतर स्टेट बनाने के लिए 18 प्रकार की पारदर्शी औद्योगिक नीतियां लागू की हैं। इन नीतियों की बदौलत आज निवेशकों को सिंगल विंडो सिस्टम, बिजली बिलों में छूट, और जमीन आवंटन में आसानी जैसे लाभ प्राप्त हो रहे हैं। डॉ. यादव ने निवेशकों को आश्वासन दिया है कि मध्यप्रदेश में निवेश करने पर उन्हें किसी भी कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ेगा। उनकी यह प्रतिबद्धता निवेशकों के बीच विश्वास जगाने में सफल रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश ने बेहद कम समय में निवेश, रोजगार सृजन और शहरी विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। उनकी पारदर्शी नीतियां, वैश्विक मंचों पर सक्रिय भागीदारी और रोजगार व कौशल विकास पर विशेष जोर ने मध्यप्रदेश को आज भारत का सबसे प्रगतिशील राज्य बना दिया है। निवेश के लिए उनकी लगातार हो रही विदेश यात्राएं अब राज्य की आर्थिक समृद्धि और रोजगार सृजन की दिशा में एक नया अध्याय लिख रही हैं। डॉ. यादव का यह मिशन मध्यप्रदेश को न केवल निवेश का केंद्र बनाएगा, बल्कि इसे धार्मिक, सांस्कृतिक पर्यटन के क्षेत्र में भी वैश्विक पहचान मिलेगी। रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव और ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से लगभग 30 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इसके अलावा इंग्लैंड, जर्मन और जापान जैसे देशों से 78 हजार करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए जो राज्य में 3 लाख से अधिक रोजगार सृजन की संभावना को दर्शाते हैं। इन निवेशों ने मध्यप्रदेश को टेक्सटाइल, रिन्यूएबल एनर्जी, खाद्य प्रसंस्करण, और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में अग्रणी बनाने में मदद की है।हाल ही में लुधियाना में उद्योगपतियों के साथ हुए इंटरेक्टिव सेशन में मध्यप्रदेश को 15,606 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए जिससे 20,275 से अधिक रोजगार सृजित होंगे। जहाँ एक तरफ मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की दुबई यात्रा ने देश के हृदयस्थल मध्यप्रदेश को वैश्विक निवेश के मानचित्र पर एक प्रमुख गंतव्य के रूप में स्थापित करने का कार्य किया है वहीँ दूसरी तरफ प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के दुबई दौरे ने मध्यप्रदेश में निवेश, रोजगार सृजन और तकनीकी सहयोग की दृष्टि से नई संभावनाओं के द्वार खोले हैं। यह दौरा आर्थिक, सांस्कृतिक और पर्यटन क्षेत्रों में मध्यप्रदेश की वैश्विक पहचान को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित हुआ है।डॉ. मोहन यादव के कुशल नेतृत्व में मध्यप्रदेश अपनी औद्योगिक और आर्थिक प्रगति के लिए लगातार प्रयासरत रहा है। हाल के वर्षों में राज्य सरकार ने निवेशकों को आकर्षित करने के लिए कई नीतिगत सुधार किए हैं जिनमें उद्योग-अनुकूल नीतियां, रियायती भूमि आवंटन और पूंजीगत अनुदान जैसे प्रावधान शामिल हैं। मुख्यमंत्री डॉ.यादव का दुबई दौरा भारत-यूएई व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने और मध्यप्रदेश को वैश्विक निवेश के लिए एक विश्वसनीय केंद्र के रूप में स्थापित करने में सफल साबित हुआ है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दुबई में कई प्रमुख वैश्विक कंपनियों और व्यापारिक संगठनों के साथ उच्च-स्तरीय बैठकें की जिनमें लुलु ग्रुप, सराफ डीजी, ईसा एआई अल गुरैर ग्रुप, गल्फ इस्लामिक इन्वेस्टमेंट्स, जी42 इंडिया और टाटा संस मिडिल ईस्ट जैसी कंपनियां शामिल रही। इन बैठकों में स्वास्थ्य, लॉजिस्टिक्स, खाद्य प्रसंस्करण, सूचना प्रौद्योगिकी, नवीकरणीय ऊर्जा, और वस्त्र जैसे क्षेत्रों में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा हुई। इन बैठकों में मध्यप्रदेश में निवेश के संभावित क्षेत्रों जैसे स्वास्थ्य, खाद्य प्रसंस्करण, सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), लॉजिस्टिक्स और नवीकरणीय ऊर्जा पर चर्चा हुई। विशेष रूप से धार में पीएम मित्रा पार्क (वस्त्र), तामोट और बिलौआ में प्लास्टिक पार्क, उज्जैन में मेडिकल डिवाइस पार्क, पीथमपुर में ऑटो, भोपाल में इलेक्ट्रॉनिक्स, और देवास में फार्मा क्लस्टर जैसे परियोजनाओं को निवेशकों के सामने प्रस्तुत किया गया। गल्फ महाराष्ट्र बिजनेस फोरम और मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम) के साथ हुई चर्चाओं में आपसी सहयोग की नई संभावनाओं पर विचार किया गया। इसके अलावा जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन के साथ बैठक में लॉजिस्टिक्स, इलेक्ट्रिक वाहन और खाद्य प्रसंस्करण जैसे क्षेत्रों में निवेश की संभावनाओं पर जोर दिया गया।दुबई में आयोजित इन्वेस्ट मध्यप्रदेश दुबई बिजनेस फोरम एंड नेटवर्किंग डिनर इस दौरे का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रहा जहाँ अपनी डिनर डिप्लोमैसी से डॉ. यादव ने निवेशकों को मध्यप्रदेश की औद्योगिक क्षमताओं और निवेश-अनुकूल नीतियों से अवगत कराया। एमपी की पर्यटन क्षेत्र में जबरदस्त ब्रांडिंग के लिए और भरपूर निवेश को बढ़ावा देने के लिए एक राउंडटेबल बैठक का आयोजन भी किया गया जहाँ निवेशकों ने मध्यप्रदेश के पर्यटन की प्रशंसा की। मध्यप्रदेश सरकार ने हाल के वर्षों में निवेश आकर्षित करने के लिए कई कदम उठाए हैं। डॉ. यादव ने बताया कि फरवरी 2025 में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 30 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए जो राज्य की आर्थिक प्रगति का एक मजबूत संकेत है। इसके अलावा रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के आयोजन से भी निवेश के लिए एमपी की जबरदस्त ब्रांडिंग हुई। दुबई दौरे के दौरान भी निवेशकों ने मध्यप्रदेश में विशेष रूचि दिखाई और कई महत्वपूर्ण निवेश प्रस्ताव सामने आए। दुबई दौरे में शराफ डीजी ग्रुप ने लॉजिस्टिक्स पार्क के लिए 30-50 मिलियन डॉलर का प्रस्ताव रखा जबकि कोनेरी ग्रुप ने 75 मिलियन डॉलर के स्टील प्लांट की योजना प्रस्तुत की। इसके अतिरिक्त इंदौर इंटरनेशनल बिजनेस नेटवर्क के एक कार्यक्रम में 25 से अधिक कंपनियों के सीईओ की उपस्थिति में सस्टेनेबल सिटी के लिए 1000 करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव दिया गया।

### विचार

इसलिए मत बदलो कि लोग तुम्हें पसंद करें, स्वयं बने रहो और सही लोग तुम्हें प्यार करेंगे।
सितारे अंधेरे के बिना चमक नहीं सकते।

● महात्मा गांधी

### चाणक्य



जो विश्वास का पात्र नहीं है, उसका तो कभी विश्वास ही नहीं कर सकते हैं। लेकिन जो विश्वास के योग्य है उस पर भी अधिक विश्वास नहीं किया जाना चाहिए। विश्वास से जो भय उत्पन्न होता है, वह मूल उद्देश्य का भी नाश कर डालता है।
जो व्यक्ति समय का सम्मान करता है और धैर्य रखकर मेहनत करता है वही बड़ी सफलता का हकदार होता है।

● आचार्य चाणक्य

### सुकरात



"सत्य बोलना कठिन है, लेकिन यह सबसे बड़ा गुण है"
अर्थः सत्यता एक महान गुण है, जिसे हमें अपने जीवन में अपनाना चाहिए

● सुकरात के अनुसार

## Business News

### बुलियन मार्केट

## सोने में स्थिरता, चांदी में मामूली घटबढ़

**इंदौर**। स्थानीय सराफा बाजार में सोना एवं चांदी की कीमतों में घटबढ़ बनी होने से सोने की कीमतों में स्थिरता देखी गई वहीं चांदी की कीमत में 100 रुपए प्रति किलो की गिरावट दर्ज की गई। विदेशी बाजारों में नरमी का रुख बना होने से स्थानीय बाजार में भी इसका असर देखने को मिला। गुरुवार को सोने का 97700 रुपए का भाव रहा वही चांदी 111300 का भाव रहा। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमत 3326 ऊपर में 3351 नीचे में 3324 चांदी 3779 सेण्ट ऊपर में 3801 नीचे में 3775 नकद में केडबरी 97700 एक दिन पूर्व 97700 आरटीजीएस 99600 सोना 22 कैरेट 91200 जीएसटी सहित चांदी नगद 111300 एक दिन पूर्व 111400 आरटीजीएस में 112800 चांदी टंच 111700 रुपए सिक्का 1230 भारतीय रुपया 86.10 के भाव रहे।

**इंदौर सराफा-** सोना केडबरी रवा नकद 97700, आरटीजीएस 99700 रुपए, सोना 22 कैरेट (जीएसटी सहित) 91200 रुपए प्रति दस ग्राम, चांदी नकद 111300, आरटीजीएस 112800 और टंच 111700 रुपए प्रति किलो रही। चांदी का सिक्का 1230 रुपए प्रति नग।

**उज्जैन सराफा-** सोना केडबरी 97800 और रवा 97700 रुपए प्रति दस ग्राम। चांदी पाट 111600, टंच 111500 रुपए प्रति किलो। सिक्का 1200 रुपए प्रति नग बिका।

## सोयाबीन और सरसों की सीमित आवक

**इंदौर**। त्योहारी उपभोक्ता ग्राहकी बनी होने से तेलों में सुधार रहा। हालांकि क्रूड ऑयल की कमजोरी ने तेजी को कुछ हद तक सीमित रखा है। सोया तेल सहित अन्य तेलों की तेजी भी दायरे में है। मंडियों में सोयाबीन और सरसों की सीमित आवक के चलते भाव स्थिर है।

**खाद्य तेल-** मूंगफली तेल इंदौर 1410-1450, मुंबई 1450, इंदौर सोया रिफाइंड 1200-1205, मुंबई सोया रिफाइंड 1210-1220, मुंबई पाम 1190, इंदौर पाम 1230, राजकोट तेलिया 2250, गुजरात लूज 1400, कपास्या तेल इंदौर 1310 रुपए प्रति दस किलो। सोयाबीन प्लांटों के भाव 4350-4425 रुपए क्विंटल।

**तिलहन-** सरसो निमाड़ी(बारीक) 6800-6900, रायडा 5800 - 6000,सोयाबीन 4300 टोली 4400-4600 रु. प्रति क्विंटल।

# तैयार अचार मसालों का भाव बीते साल से 10 फीसदी ज्यादा

**इंदौर**। सियागंज किराना बाजार में ग्राहकी सामान्य बनी हुई है जिसके चलते अधिकांश जिंसों में घटबढ़ का रुख बना रहा। कारोबारियों का कहना है कि बाजार में कारोबारी हलचल बनी हुई है। मंडियों में अचार की कैरी की आवक अच्छी है। इससे सियागंज किराना बाजार, मारोठिया में मसालों में ग्राहकी बढ़ी है। तैयार मसालों का भाव भी बीते साल से 10 फीसदी ज्यादा है। थोक बाजार में जीरा सस्ता है। जीरे की बिक्री में बढ़ोतरी हुई है। प्रमुख उत्पादक क्षेत्र ऊंझा में 20-25 रुपए प्रति 20 किलो पर दाम बढ़े हैं। सटोरियों की लेवाली कमजोर पडऩे से वायदा 210 रुपए या 1.05 प्रतिशत मंदा होकर 19,700 रुपए रह गया। आने वाले एक-दो दिनों में हाजिर में जीरे में तेजी की आस नहीं है।

**शकर-** 4110-4120 बेस्ट क्वालिटी 4130-4140, गुड़ कटोरा 4600-4700, लड्डू 5200, गिलास 5000-5200 रुपए क्विंटल।

**नारियल-** 120 भरती 2900-2950, 160 भरती 3300-3400, 200 भरती 3650-3700, 250 भरती 3800-3900 रुपए प्रति बोरी के भाव बताए गए।

**खोपरा बाक्स-** 275-300 कट्टे में 260 रुपए प्रति किलो । खोपरा बूरा 4100-6150 रु. प्रति (15 किलो)।

**फलाहारी-** साबूदाना सच्चामोती एगमार्क (500) 5350, सच्चासाबु एगमार्क (500 ग्राम) 5500 साबूदाना चक्र एगमार्क 5420, गोपाल लूज (25 किलो) 4790, कुकरीजाकी मोरधन (500 ग्राम)-9400 रुपए के भाव बताए गए।

**सूखे मेवे-**काजू डब्ल्यू 240 नंबर 950-960, डब्ल्यू 320 830-860, डब्ल्यू 300 नंबर 800 से 815, जेएच 840-850, टुकड़ी 780-830, बादाम इंडिपेंडेट 730 से 760, अमेरिकन 770-790, मोटादाना 880 से 900 टांच 760 से 780, खसखस चालू 950 से 1200, बेस्ट 1300 से 1500, तरबूज मगज 665 से 690, खारक 85 से 95 रु.।

### जीरे की बिक्री में बढ़ोतरी जारी



कालीमिर्च 711 से 715, मिनिमटर 770 से 775, मटरदाना 830 से 835 हल्दी निजामाबाद 170 से 210, हल्दी सांगली 260 से 265 जीरा 255 से 275, मीडियम 265 से 275 बेस्ट 285 से 315, सौंफ मोटी 130 से 145, बेस्ट 185 से 285, एक्सट्रा बेस्ट 340 से 450, बारीक 280 से 350, लौंग चालू 760 से 800, बेस्ट ८१५ से ८२०, दालचीनी 235 से 245, जायफल 680 से 715, बेस्ट 720 से 725, जावत्री २००० से २०५०, बड़ी इलायची 1550 से 1850, बेस्ट 1950 से 2050, पत्थरफूल 240 से 425, बाद्यान फूल 475 से 575, बेस्ट 625, शाहजीरा खर 450, ग्रीन 925 से 950, तेजपान 90 से 98, नागकेसर 940 से 965 सौंठ 280 से 340, धोली मूसली 2175 से २२०० रुपए।

# जून में खुदरा महंगाई 2.1% पर पहुंची, अक्टूबर या दिसंबर में फिर रीपो रेट में कटौती कर सकता है RBI



**मुंबई**। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की 6 सदस्यों वाली मौद्रिक नीति समिति द्वारा मौद्रिक नीति को और आसान बनाने की संभावना बढ़ गई है। जून में खुदरा मुद्रास्फीति 77 महीने में सबसे कम 2.1 फीसदी रही। ऐसे में अक्टूबर या दिसंबर में रीपो दर में एक और कटौती की उम्मीद बढ़ गई है। हालांकि अगस्त की बैठक में भी कटौती की गुंजाइश बन सकती है। मौजूदा वित्त वर्ष के लिए औसत खुदरा मुद्रास्फीति दर आरबीआई के 3.7 फीसदी के अनुमान से कम रह सकती है, जिससे भी दर कटौती की संभावनाएं बेहतर हुई। जून के आंकड़ों के बाद ज्यादातर अर्थशास्त्रियों ने वित्त वर्ष 2026 के लिए खुदरा महंगाई के अनुमान को कम कर दिया है। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने एक नोट में कहा, 'संभावित खाद्य मूल्य वृद्धि को ध्यान में रखते हुए पूरे वित्त वर्ष 2026 में खुदरा मुद्रास्फीति 2.7 फीसदी रहने का अनुमान है। वित्त वर्ष 2027 के लिए अनुमान 4 फीसदी है।' महंगाई दर नरम रहने से दर में जल्द और कटौती की उम्मीद बढ़ी है। भारतीय स्टेट बैंक के समूह मुख्य आर्थिक सलाहकार सौम्य कांति घोष ने एक रिपोर्ट में कहा, 'आगे मुद्रास्फीति का रुझान भी अनुकूल दिख रहा है और व्यापार संबंधी प्रतिबंधों और अनियमितताओं के बावजूद ऐसा लगता है कि आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए रीपो दर में 25 आधार अंक की कटौती की गुंजाइश बनी है।' मौद्रिक नीति समिति ने जून में रीपो दर में 50 आधार अंक की कटौती कर इसे 5.5 फीसदी कर दिया। फरवरी में भी दर में कटौती की गई थी। ऐसे में बाजार का मानना था कि केंद्रीय बैंक अगस्त में कटौती पर विराम लगा सकता है। इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा, 'जून में मुद्रास्फीति के अनुमान से कम रहने के बाद वित्त वर्ष 2026 के लिए औसत खुदरा मुद्रास्फीति 3.5 फीसदी से कम हो सकती है। इससे अगस्त में रीपो में एक और कटौती की गुंजाइश बढ़ गई है।' बार्कलेज के अर्थशास्त्रियों ने कहा कि जून में खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़े कम रहने और जुलाई में और इसके और घटने से आरबीआई दर में अतिरिक्त कटौती कर सकता है। मौद्रिक नीति की अगली समीक्षा 4 से 6 अगस्त को होनी है।

### कॉर्पोरेट समाचार

## आरबीआई के नकदी उपायों से 2025 में सस्ते होंगे ऋण : फिच

**नई दिल्ली**। वैश्विक रेटिंग एजेंसी फिच रेटिंग्स ने कहा है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा बैंकिंग प्रणाली में पर्याप्त नकदी डालने और नकद-आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में कटौती जैसे कदमों से 2025 में ब्याज दरों में संभावित एक फीसदी कटौती का लाभ ग्राहकों तक पहुंच पाएगा। फिच ने बताया कि आरबीआई ने सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद के जरिए 2025 में अब तक करीब 5.6 लाख करोड़ रुपये की टिकाऊ नकदी प्रणाली में डाली है, जिससे मार्च के बाद से बैंकिंग प्रणाली में अधिशेष नकदी देखने को मिल रही है। इसके अलावा, आरबीआई ने सीआरआर में एक फीसदी की कटौती का निर्णय लिया है, जिससे चरणबद्ध तरीके से लगभग 2.7 लाख करोड़ रुपये की अतिरिक्त नकदी बाजार में आएगी। सीआरआर में यह कटौती 2025 की दूसरी द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा के तहत घोषित की गई है। यह कटौती 29 नवंबर 2025 तक चार किस्तों में पूरी होगी, जिसके बाद बैंकों को कुल सीआरआर तीन फीसदी रखना होगा।

## नई ओप्पो के13 टर्बो प्रो सीरीज 21 जुलाई को होगी लॉन्च

**नई दिल्ली**। ओप्पो कंपनी अपनी नई ओप्पो के13 टर्बो प्रो सीरीज को 21 जुलाई को लॉन्च करेगी। लॉन्च से पहले ही चीन के सोशल मीडिया और लीक पोस्टर्स से इन दोनों स्मार्टफोन्स के कई फीचर्स सामने आ चुके हैं। इस सीरीज में दो स्मार्टफोन ओप्पो के13 टर्बो प्रो और ओप्पो के13 टर्बो प्रो शामिल होंगे। लीक जानकारी के मुताबिकओप्पो के13 टर्बो प्रो में स्नैपड्रैगन 8 एस जेन 3 प्रोसेसर मिलेगा। यह हाई-एंड प्रोसेसर बेहतरीन परफॉर्मेंस देने के लिए जाना जाता है। इस मॉडल में 16जीबी तक की रैम और 512जीबी तक का इंटरनल स्टोरेज विकल्प होगा। वहीं ओप्पो के13 टर्बो प्रो में मीडियाटेक का डाइमेंसिटी 8450 चिपसेट दिया जाएगा। यह फोन भी 16जीबी तक की रैम और 512जीबी स्टोरेज के साथ आएगा। दोनों फोन में 6.8 इंच का बड़ा ओलेड डिस्प्ले होगा, जिसका रिजॉल्यूशन 2800 गुणा 1200 पिक्सल होगा और यह 144 एचझेड के हाई रिफ्रेश रेट को सपोर्ट करेगा।

## वैश्विक वस्तु व्यापार जनवरी-मार्च 2025 तिमाही में 5.3 फीसदी बढ़ा : डब्ल्यूटीओ

**नई दिल्ली**। विश्व व्यापार संगठन ने एक बयान जारी कर कहा कि वर्ष 2025 की पहली तिमाही में वैश्विक वस्तु व्यापार में सालाना आधार पर 5.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। अक्टूबर-दिसंबर 2024 की तिमाही के मुकाबले जनवरी-मार्च 2025 में व्यापार में 3.6 प्रतिशत की तेजी देखी गई। डब्ल्यूटीओ के अनुसार इस वृद्धि के पीछे अमेरिका द्वारा सीमा शुल्क बढ़ाने की आशंका के कारण आयात गतिविधियों में तेजी आई है। रिपोर्ट में बताया गया है कि वैश्विक वस्तु व्यापार में यह बढ़ोतरी डब्ल्यूटीओ के पूर्वानुमानों से अधिक मजबूत रही। हालांकि, डब्ल्यूटीओ के अर्थशास्त्री भविष्यवाणी कर रहे हैं कि पूरे साल 2025 में वस्तु व्यापार की वृद्धि की रफ्तार धीमी पड़ सकती है। इसकी वजह पूरी तरह भरे हुए भंडार और उच्च सीमा शुल्क के कारण आयात मांग पर पड़ने वाला दबाव बताया गया है। क्षेत्रीय स्तर पर देखा जाए तो तिमाही आधार पर उत्तरी अमेरिका में आयात में सबसे ज्यादा, 13.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव की स्पेन फिल्म आयोग के साथ महत्वपूर्ण चर्चा

# मप्र-स्पेन के बीच फिल्म को-प्रोडक्शन को बढ़ावा देने के लिए एमओयू

**संवाददाता ● भोपाल**



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्पेन यात्रा के पहले दिन मैड्रिड में फिल्म आयोग के अध्यक्ष जुआन-मैनुअल गइमेरेन्स एवं अन्य प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक में भारत और स्पेन के बीच फिल्म निर्माण के क्षेत्र में सहयोग की अपार संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में दोनों देशों को रचनात्मक और व्यावसायिक रूप से लाभ पहुँचाने वाले फिल्म को-प्रोडक्शन के अवसरों पर महत्वपूर्ण चर्चा के साथ फ़िल्म सह निर्माण को बढ़ावा देने एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता स्पेनिश फिल्म निर्माताओं को मध्यप्रदेश में शूटिंग स्थानों की पहचान करने के लिए प्रोत्साहित करता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्पेनिश प्रोडक्शन कंपनियों को मध्यप्रदेश में फिल्मांकन के लिए आमंत्रित किया और राज्य की विविधता, सरकारी सहयोग और अनुकूल माहौल का प्रमुखता से उल्लेख किया। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने फिल्म आयोग के अध्यक्ष जुआन-मैनुअल गइमेरेन्स को सम्मानित भी किया।

**चर्चा**

बैठक में स्पेन फिल्म आयोग ने स्पेन में विदेशी फिल्म प्रोडक्शंस के लिए उपलब्ध विभिन्न इंसेंटिव्स, सब्सिडी और सहूलियतों की जानकारी साझा की, जिससे भविष्य के सहयोग को प्रभावी स्वरूप दिया जा सके। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश की विविध और दर्शनीय लोकेशन्स और राज्य की फिल्म-फ्रेंडली नीति को विस्तार से प्रस्तुत किया, जो अंतर्राष्ट्रीय प्रोडक्शंस के लिए एक आदर्श वातावरण प्रदान करती है। उन्होंने स्पेनिश निर्माताओं को मध्यप्रदेश में लोकेशन स्काउटिंग विज़िट के लिए आमंत्रित किया।

बैठक में दोनों देशों की फिल्म नीतियों के बीच संभावित तालमेल और प्रक्रिया सरलता के बिंदुओं पर चर्चा हुई। भारत और स्पेन के बीच संयुक्त फिल्म समारोहों, वर्कशॉप्स और सांस्कृतिक आयोजनों की संभावनाओं पर भी विचार-विमर्श हुआ, जिससे दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान और मजबूत हो सकेगा।

#### मध्यप्रदेश फिल्म शोकेस

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पोस्ट-प्रोडक्शन, वीएफएक्स, स्क्रिप्ट लेखन जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय कौशल विकास और तकनीकी प्रशिक्षण के अवसरों पर सहयोग की आवश्यकता पर चर्चा की। स्पेन के प्रमुख फिल्म संस्थानों के साथ शॉर्ट टर्म कोर्स और एक्सचेंज प्रोग्राम शुरु करने की संभावनाओं पर भी बातचीत हुई। स्पेन में एक "मध्यप्रदेश फिल्म शोकेस" जैसे आयोजन की संभावना पर विचार किया गया, जिसका उद्देश्य राज्य की रचनात्मक क्षमता और लोकेशन्स को वैश्विक मंच पर प्रदर्शित करना है। बैठक से दोनों देशों के बीच फिल्म उद्योग में एक नए अध्याय की शुरुआत होगी जिससे भविष्य में कई रोमांचक संयुक्त परियोजनाएं भी मूर्त-रुप ले सकेंगी।

## शॉट न्यूज

### नाम बदल जिम ट्रेनर ने युवती पर बनाया धर्म बदलने का दबाव

**जबलपुर**। मध्य प्रदेश के जबलपुर के अधारताल थाना क्षेत्र स्थित साईं फिटनेस जिम एक गंभीर विवाद में घिर गया है। जिम में कार्यरत एक युवती ने ट्रेनर अमन खान पर धर्मांतरण के लिए दबाव बनाने और यौन उत्पीड़न (बेड टच) करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। युवती का आरोप है कि आरोपी खुद को नाम अमन राज बताया था, लेकिन असल में उसका नाम अमन खान है। मामला सामने आने के बाद हिंदू टाइगर फोर्स सक्रिय हो गई है और पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह पिछले दो महीनों से जिम में रिसेप्शनिस्ट के तौर पर कार्यरत थी। इस दौरान ट्रेनर अमन खान उसके साथ बार-बार छेड़छाड़ करता था। पीड़िता का कहना है कि आरोपी बातचीत के दौरान इस्लाम धर्म की विशेषताएं बताता और उसे धर्म परिवर्तन के लिए मानसिक रूप से प्रभावित करता।

### न थाने पर थानेदार, न एक भी एफआईआर

**शिवपुरी**। मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले की कोलारस विधानसभा के बदरवास थाना क्षेत्र के तहत आने वाले एक गांव का नाम ब्रह्म थाना है। इस गांव का नाम ब्रह्म थाना नाम होने के कारण शिवपुरी पुलिस अक्सर कंफ्यूज हो जाती है। वजह है कि शिवपुरी जिले में 34 थाने हैं और ऐसे में इस 35 बीट थाने की मौजूदगी कहीं न कहीं पुलिस को हैरान करती है। गांव वाले कहते हैं कि कभी किसी जमाने में यहां न्यायाधीश के रूप में चौपाल लगाकर ब्रह्म गोद बैठते थे और इस कारण इस गांव का नाम ब्रह्म थाना पड़ गया। शिवपुरी जिले की बदरवास तहसील क्षेत्र के तहत आने वाले ब्रह्मा थाना गांव में प्राचीन मंदिर है। इस प्राचीन मंदिर से दूर-दूर के लोगों की श्रद्धा जुड़ी हुई है। कहते हैं कि शनिवार और मंगलवार को यहां आसपास के जिलों और मध्य प्रदेश के कई अन्य इलाकों से श्रद्धालु माथा टेकने आते हैं।

### झरने के नीचे जमी थी 'महफिल' जाम लेकर हो रहा था चीयर्स...

**शिवपुरी**। शराब पीने वालों को पीने के लिए बहाना चाहिए होता है। बरसात हो या सूखा, सुख हो या दुख... पीने वाले नहीं रुकते। बारिश के मौसम में विभिन्न प्राकृतिक झरनों पर मौसम खुशनुमा हो गया है। इसी बीच सिद्ध क्षेत्र केरखो धाम पर एक झरने पर कुछ युवकों को शराब पार्टी करना महंगा पड़ गया। झरने पर शराब पार्टी कर जाम झलकाना और इसका वीडियो सोशल मीडिया पर चलाने वाले युवकों को उठक-बैठक लगाकर माफी मांगनी पड़ी है। युवकों ने जो झरने पर शराब पार्टी की और इसके बाद अब इनका माफी मांगने का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बताया जाता है कि शिवपुरी में बीते 13 जुलाई को झरने के नीचे बैठकर कुछ युवकों ने पहले शराब पार्टी की। जिले के भौंती थाना क्षेत्र के चौकी खोड़ के ग्राम बीरा स्थित सिद्ध क्षेत्र केरखो धाम पर प्राकृतिक झरने पर कुछ युवकों ने शराब पार्टी की और वीडियो बनाया।

# देश के नए एयरपोर्ट्स से जुड़ेगा भोपाल

### नवीं मुंबई, नोएडा तक विंटर सीजन में शुरू होगी उड़ानें

**संवाददाता ● भोपाल**

देश में इस वर्ष नवीं मुंबई एवं नोएडा के जेवर एयरपोर्ट से हवाई यातायात शुरू हो जाएगा। इन शहरों के लिए पहले ही चरण में भोपाल जुड़ जाएगा। विंटर सीजन में इन शहरों तक सीधी उड़ान मिलने लगेगी। इंडिगो एवं एयर इंडिया एक्सप्रेस ने इन शहरों के लिए स्लाट लेने में रुचि दिखाई है। अक्टूबर माह के अंत में नया विंटर शेड्यूल लागू होता है। इस शेड्यूल में कई उड़ानों की समय-सारिणी बदल जाती है। कुछ नए रूट जुड़ते हैं। इस बार इंडिगो ने नोएडा के जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए सीधी उड़ान शुरू करने की पेशकश की है। इंडिगो ने भोपाल से बंद हो चुकी कोलकाता, लखनऊ एवं गोवा उड़ान भी फिर से प्रारंभ करने पर चर्चा की है। एयरपोर्ट अथारिटी ने इन सभी शहरों तक स्लाट देने की सहमति दी है। नोएडा एयरपोर्ट जल्द ही एयर ट्रेफिक शुरू होने की संभावना है। विमान संचालन शुरू होते ही भोपाल इससे जुड़ जाएगा। एयर इंडिया एक्सप्रेस भी विंटर सीजन में भोपाल में दस्तक देगा। कंपनी ने बेंगलुरू तक दो उड़ानें शुरू करने की तैयारी की है। इसके अलावा कंपनी नवीं मुंबई तक सीधी उड़ान शुरू करेगा। नवीं मुंबई एयरपोर्ट से सितंबर के अंतिम सप्ताह से उड़ान संचालन शुरू होने की उम्मीद है। यहां से उड़ानें शुरू होने के बाद यात्रियों के पास मुंबई के मुख्य एयरपोर्ट के अलावा नवीं मुंबई तक जाने का भी विकल्प होगा। मुंबई में रोड ट्रैफिक को देखते माना जा रहा है नया एयरपोर्ट यात्रियों के लिए उपयोगी साबित होगा।

**सहमति**



**छोटे शहर की कनेक्टिविटी बढ़ेगी** - भोपाल से विंटर सीजन में रीवा, सतना एवं दतिया जैसे शहरों तक भी कनेक्टिविटी बढ़ने की संभावना है। फ्लाय बिग ने उड़ान योजना के तहत रीवा एवं दतिया उड़ान के फेरे बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की है। अलाइंस एयर भी रीवा एवं इंदौर के लिए उड़ान प्रारंभ कर सकता है।

# भोपाल में कॉन्स्टेबल की पिटाई का वीडियो वायरल

**भोपाल**। भोपाल के कोलार थाने में पदस्थ कॉन्स्टेबल गिरिराज सिंह की एक व्यक्ति ने पिटाई कर दी। आरक्षक का एक वीडियो भी सामने आया है। जिसमें वह टॉवल में खड़े युवक से बहस कर रहा है। उस व्यक्ति का आरोप है कि आरक्षक ने भड़काकर उसकी पत्नी को उनसे अलग करा दिया है। दोनों के बीच अवैध संबंध हैं। उसने पिछले महीने आरक्षक के रूम पर दोनों को आपत्तिजनक हालत में पकड़ा था। इस दौरान गिरिराज ने पहले उन पर हमला किया और मारपीट की थी। उनकी ओर से जब थाने में शिकायत की तो कार्रवाई से इनकार कर दिया गया। तब पुलिस कमिश्नर कार्यालय में शिकायत की है। अब तक गिरिराज पर कार्रवाई नहीं हुई है, वह उन्हें लगातार धमका रहा है। महिला के पति ने बताया कि उसकी पत्नी बंगलों में काम करती है। इसी के साथ महिला सशक्तिकरण को लेकर किए जाने वाले कार्यक्रमों में शामिल होने अकसर थाने जाती थी। इसी दौरान गिरिराज ने उनकी पत्नी से नजदीकी बढ़ाई। वह स्वयं ड्राइवर हैं, ड्यूटी के संबंध में अकसर बाहर जाते हैं, कई-कई दिन में लौटते हैं। इसी का फायदा उठाकर आरक्षक उनके घर आता-जाता था। महिला के पति ने बताया कि 24 जून को उन्होंने पत्नी का पीछा किया। आरक्षक ने एक कॉलेज परिसर में रूम ले रखा है। यहीं उनकी पत्नी आरक्षक से मिलने पहुंची थी। इसी बीच उन्होंने 15 साल के बड़े बेटे को कॉल कर बुला लिया। बेटे से वीडियो बनाने को कहा और कमरे में घुसकर दोनों को आपत्तिजनक हालत में पकड़ लिया। इस दौरान आरक्षक ने पहले उनके सीने में मुक्का मारा और मारपीट कर दी। झूमाझटकी के बीच पत्नी मौके से भाग गई।

**युवक बोला- पत्नी को भड़काकर अलग कर दिया, दोनों के बीच अवैध संबंध**

### एलएनआईपीई केस में मध्यप्रदेश हाईकोर्ट का ताबड़तोड़ एक्शन

# 41 लाख रुपए का जुर्माना, पुलिस को फटकार और कुलपति की बेइज्जती...



**ग्वालियर ● एजेंसी**

देश ही नहीं बल्कि पूरे एशिया में दबदबा बनाने वाले लक्ष्मीबाई शारीरिक शिक्षण संस्थान (एलएनआईपीई) में महिला शिक्षक यौन शोषण मामले में ग्वालियर हाईकोर्ट की एकल पीठ ने बड़ा फैसला सुनाया। यह खेल जगत और फिजिकल एजुकेशन के मामले में अव्वल संस्थानों में से एक है। कोर्ट ने तत्कालीन कुलपति डॉ. दिलीप दुरेहा को दोषी ठहराते हुए उन पर 35 लाख रुपए का हर्जाना लगाया है। इसके साथ ही मध्य प्रदेश शासन पर 5 लाख और एलएनआईपीई प्रबंधन पर 1 लाख रुपए का जुर्माना ठोका गया। इस प्रकार कुल 41 लाख रुपए की क्षतिपूर्ति राशि चार सप्ताह में पीड़िता को देने के निर्देश कोर्ट ने दिए हैं। कोर्ट ने अपनी सख्त टिप्पणी में कहा कि 'संस्थान को ऐसे व्यक्ति के नियंत्रण में सौंपा गया, जो सेवा के योग्य नहीं था।' कोर्ट ने यह भी कहा कि जब पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराई, तब न तो संस्थान प्रशासन और न ही पुलिस ने उसे गंभीरता से लिया। शासन पर लगाया गया 5 लाख का जुर्माना उस पुलिस अधिकारी से वसूला जाएगा, जिसने शिकायत मिलने के बाद भी यौन शोषण का केस दर्ज नहीं किया था।

**मामला**

#### मार्च 2019 का है मामला

यह मामला मार्च 2019 का है, जब एलएनआईपीई में पदस्थ एक महिला योगा टीचर ने तत्कालीन कुलपति डॉ. दिलीप दुरेहा पर अश्लील हरकत और यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था। पीड़िता के अनुसार, वह सुबह 7 बजे क्लास लेने जा रही थी, तभी रास्ते में कुलपति ने गलत नीयत से उसका हाथ पकड़ा। शुरुआत में महिला ने मामले को दबा दिया, लेकिन जब दूसरी बार भी इसी तरह की हरकत की गई तो उसने विश्वविद्यालय की आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) में रिपोर्ट दर्ज कराई। जांच में आरोपों की पुष्टि भी हुई, लेकिन विश्वविद्यालय प्रबंधन ने कोई कार्रवाई नहीं की।न्याय न मिलने पर पीड़िता ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया, जहां से आदेश मिलने के बाद ग्वालियर के गोला का मंदिर थाना पुलिस ने तत्कालीन कुलपति सहित पांच लोगों पर यौन उत्पीड़न और सहयोग करने की धाराओं में केस दर्ज किया था।

# अतिथि शिक्षक नहीं लगा रहे मोबाइल ऐप से अटेंडेंस

### स्कूल शिक्षा विभाग ने कहा- मानदेय नहीं मिलेगा, अतिथि शिक्षक संघ की अवकाश देने की मांग

**संवाददाता ● भोपाल**

मध्यप्रदेश में शिक्षक और अतिथि शिक्षक (गेस्ट टीचर्स) की ई-अटेंडेंस व्यवस्था जुलाई के पहले 15 दिन में पूरी तरह फेल हो गई है। इसी को देखते हुए स्कूल शिक्षा विभाग ने अब सख्त कदम उठाया है। विभाग ने सभी जिलों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि 18 जुलाई से जो गेस्ट टीचर ई-अटेंडेंस (ऐप से अटेंडेंस) नहीं लगाएंगे, उन्हें गैरहाजिर माना जाएगा और मानदेय (वेतन) नहीं दिया जाएगा। विभाग ने सभी जिलों के गेस्ट टीचर्स की ई-अटेंडेंस की रिपोर्ट भी जारी की है और निर्देश दिया है कि इस पर सख्ती से अमल कराया जाए। हालांकि अतिथि शिक्षक संघ का कहना है कि जब तक अवकाश की सुविधा नहीं मिलेगी, तब तक ई-अटेंडेंस नहीं लगाएंगे।

**कदम**



स्कूल शिक्षा विभाग ने इस शैक्षणिक सत्र से गेस्ट टीचर्स की अटेंडेंस मोबाइल ऐप "हमारे शिक्षक" के जरिए दर्ज करना अनिवार्य कर दिया है। इसके लिए सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। अब शिक्षक की उपस्थिति सिर्फ ऐप के माध्यम से ही मान्य मानी जाएगी। हालांकि, अभी तक कई गेस्ट टीचर्स इस आदेश का पालन नहीं कर रहे हैं। इस पर लोक शिक्षण आयुक्त ने नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि लगभग 80% अतिथि शिक्षकों ने ई-अटेंडेंस दर्ज नहीं की है, जो कि बहुत ही निराशाजनक है। विभाग ने साफ कहा है कि सभी गेस्ट टीचर्स को सूचना दी जाए कि अगर वे "हमारे शिक्षक" ऐप से अटेंडेंस दर्ज नहीं करते हैं, तो उन्हें गैरहाजिर माना जाएगा और उनका मानदेय नहीं मिलेगा। यह ई-अटेंडेंस की व्यवस्था 1 जुलाई 2025 से शुरू की गई है। लेकिन पहले 15 दिन की समीक्षा में सामने आया कि 80% से ज्यादा गेस्ट टीचर्स ने ऐप से अटेंडेंस नहीं लगाई है।

शिक्षा विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, प्रदेश के 55 जिलों में से केवल डिंडोरी ऐसा जिला है जहां 57% गेस्ट टीचर्स ने ई-अटेंडेंस दर्ज की है। इसके बाद झाबुआ में 48%, खरगोन में 45%, नरसिंहपुर और शहडोल में 44-44% उपस्थिति दर्ज की गई। वहीं, अनूपपुर सबसे पिछड़ा जिला रहा, जहां 17 गेस्ट टीचर्स में से किसी ने भी एक भी दिन अटेंडेंस नहीं लगाई। इसके अलावा निवाड़ी और अलीराजपुर में 7-7%, मऊगंज और हरदा में 8-8% अटेंडेंस दर्ज की गई।

### भोपाल को 6 साल बाद दूसरी रैंक

# एमपी की 5 बड़ी सिटी को स्वच्छता अवॉर्ड

**संवाददाता ● भोपाल**

मध्यप्रदेश की 5 बड़ी सिटी- भोपाल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर-ग्वालियर समेत देवास, शाहगंज और बुधनी को आज स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 के अवॉर्ड मिलेंगे। सुपर स्वच्छ लीग सिटी में शामिल इंदौर के फिर से नंबर-1 आने की उम्मीद है। वहीं, भोपाल को 6 साल बाद दूसरी रैंक मिल सकती है। इन्हें राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू अपने हाथों से अवॉर्ड देंगी। इसके अलावा उज्जैन, देवास, शाहगंज और बुधनी को भी उन्हीं के हाथों से अवॉर्ड मिलेंगे। जबलपुर को स्पेशल कैटेगिरी और ग्वालियर को स्टेट लेवल का मिनिस्ट्रियल अवॉर्ड मिलेंगे। नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में यह आयोजन होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रपति मुर्मू करेंगी।

**उम्मीद**

हर साल की तरह मध्यप्रदेश ने इस साल भी अपनी विजय पताका फहराई है। प्रदेश के आठ शहरों को इस राष्ट्रीय आयोजन में सम्मानित किया जाएगा। इसमें सुपर लीग श्रेणी में इंदौर, उज्जैन और बुधनी हैं। इस श्रेणी में सिर्फ वे शहर शामिल किए जाते हैं, जिन्होंने पिछले तीन सालों में श्रेष्ठ प्रदर्शन किया हो और उत्तरोत्तर प्रगति की संभावनाएं सृजित की हों।



इसी तरह राष्ट्रपति सम्मान प्राप्त करने वाले शहरों में भोपाल, देवास और शाहगंज शामिल हैं। इसके अलावा आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर द्वारा प्रदेश के जबलपुर और ग्वालियर को उनके उल्लेखनीय प्रयासों के लिए सम्मानित किया जाएगा।

#### आज ही जारी होंगी रेटिंग

कचरा मुक्त शहरों की स्टार रेटिंग और ओडीएफ/ वाटर प्लस के परिणाम भी आज ही जारी किए जाएंगे। प्रदेश से इस आयोजन में विभागीय मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी के साथ विभागीय अधिकारी, जनप्रतिनिधियों की बड़ी टीम इस आयोजन में शिरकत करेगी। भोपाल से महापौर मालती राय दिल्ली पहुंच गईं।

#### टॉप-3 में भोपाल

स्वच्छ सर्वेक्षण में इस बार भी मध्यप्रदेश के शहर बाजी मारेंगे। राजधानी भोपाल देश के सबसे स्वच्छ शहरों में टॉप-3 में है। उसके दूसरे नंबर पर आने की उम्मीदें हैं। साथ ही सबसे स्वच्छ राजधानी का तमगा भी फिर मिलने की उम्मीद है। बता दें, सुपर स्वच्छता लीग में इंदौर के अलावा सूरत और पुणे भी शामिल हैं। वहीं, मध्यप्रदेश को देश के दूसरे सबसे स्वच्छ स्टेट का अवॉर्ड मिला था।

#### पिछली बार पांचवें था

पिछले सर्वे में भोपाल 5वें नंबर पर था। कचरे की प्रोसेसिंग में सुधार और डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन की व्यवस्था को और पुख्ता कर भोपाल ने दावा मजबूत किया है। वहीं, फरवरी में हुई ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस) की वजह से भी भोपाल को फायदा मिलेगा। जीआईएस के चलते राजधानी में 100 करोड़ रुपए से ज्यादा के काम शहर में हुए हैं। इसमें स्वच्छता से जुड़े काम भी शामिल थे। इसी दौरान स्वच्छता सर्वेक्षण टीमें भी भोपाल पहुंची थी।


दैनिक आदित्य भारत
!! श्रीकृष्ण शरणंमम !!
सदैव सत्य के साथ...
इंदौर, शुक्रवार, 18 जुलाई, 2025
www.adityabharat.com



# बर्थडे गर्ल कटरीना को खुल्लम-खुला किस करते दिखे विक्की

## यूजर्स बोले- हम बेहोश हो जाएंगे

विक्की कौशल और कटरीना कैफ की लव स्टोरी किसी फेयरीटेल से कम नहीं हैं। कई मौकों पर छावा एक्टर पत्नी के लिए प्यार का इजहार कर चुके हैं, वहीं कटरीना भी अभिनेता की तारीफ करती हैं। कटरीना कैफ और विक्की कौशल एक-दूसरे के दिन को स्पेशल बनाने का कोई भी मौका नहीं छोड़ते हैं। 16 जुलाई 1983 को हांग-कांग में जन्मी कटरीना कैफ आज अपना 42वां जन्मदिन मना रही हैं। इस खास मौके पर



विक्की कौशल ने 'टाइगर' एक्ट्रेस के साथ सोशल मीडिया पर कुछ खूबसूरत फोटोज शेयर की है। विक्की कौशल ने कटरीना कैफ के जन्मदिन पर उन्हें विश करते हुए अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर कई तस्वीरें शेयर की हैं। पहली फोटो में जहां कटरीना दो दीवारों के बीच में से छुपकर पति को देख रही हैं और काफी क्यूट लग रही हैं, वहीं दूसरी फोटो में विक्की बड़े ही प्यार से अपनी पत्नी को गले से लगाते हुए उनके गाल पर किस कर रहे हैं। एक अन्य फोटो दोनों के वेकेशन के समय की है, जिसमें ये कपल खुले मैदान में एन्जॉय करते हुए दिखाई दे रहा है। अन्य फोटो पुरानी और मालदीव्स की है, जिसमें कटरीना कैफ बैक लुक देकर मुस्कुरा रही हैं। इन सभी तस्वीरों को शेयर करते हुए विक्की ने कैप्शन में लिखा, 'हेलो बर्थडे गर्ल..आई लव यू'। दोनों की इन प्यार भरी तस्वीरों को देखने के बाद फैंस भी खुशी से इमोशनल हो गए हैं।



# 90 के दशक की नंबर वन हीरोइन, 5 वीं तक की पढ़ाई, हुस्न पर हर कोई फिदा

## माधुरी दीक्षित को टक्कर देकर जीता अवॉर्ड

बॉलीवुड इंडस्ट्री में एक से एक हसीनाएं हैं जो अपनी अदाकारी और अदाओं से हर किसी के दिल पर राज कर रही हैं। अपनी एक्टिंग से लोगों के दिल मिनटों में जीत लेती हैं। आज हम आपको कपूर खानदान की लाडली बेटी के बारे में बताने जा रहे हैं जो सालों से इंडस्ट्री पर राज कर रही हैं और सिनेमा को एक से एक हिट फिल्में दी हैं। चलिए नजर डालते हैं कौन है वो हसीना। हिंदी सिनेमा में कपूर खानदान काफी लंबे वक्त से राज कर रहा है। कपूर परिवार की पीढ़ी दर पीढ़ी एक्टिंग की दुनिया में कदम रख इस सफर को आगे बढ़ा रही हैं। आज हम कपूर परिवार की लाडली बेटी की बात कर रहे हैं जो केवल 5वीं पास हैं। लेकिन फिर भी उनके हुस्न पर हर कोई फिदा है। ये हसीना 90 के दशक की मशहूर हसीनाओं में से एक हैं। अगर आप अभी तक इस हसीना को नहीं पहचान पाए हैं तो चलिए बता देते हैं। दरअसल, ये हसीना कोई और नहीं बल्कि करिश्मा कपूर हैं। करिश्मा कपूर को बचपन से ही एक्टिंग का शौक था। वो फेमस एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित और श्रीदेवी जैसी बनना चाहती थीं और फिल्मी दुनिया में कदम रखना चाहती थीं। करिश्मा के आज लाखों फैंस हैं लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि करिश्मा केवल 5वीं क्लास तक ही पढ़ी हैं। करिश्मा कपूर केवल 5वीं क्लास तक पढ़ी है, लेकिन इंडस्ट्री पर उन्होंने काफी लंबे समय तक राज किया है। उन्होंने बॉलीवुड सिनेमा में अपने डांस को एक नया आयाम दिया और एक से एक हिट फिल्में दी हैं। कपूर खानदान में जन्मी हसीना के पास फिल्मी परिवार का नाम तो है। लेकिन करिश्मा तलाक के बाद अक्सर खबरों में छाई रहीं। करिश्मा कपूर केवल 5वीं क्लास तक पढ़ी है, लेकिन इंडस्ट्री पर उन्होंने काफी लंबे समय तक राज किया है। उन्होंने बॉलीवुड सिनेमा में अपने डांस को एक नया आयाम दिया और एक से एक हिट फिल्में दी हैं। कपूर खानदान में जन्मी हसीना के पास फिल्मी परिवार का नाम तो है। लेकिन करिश्मा तलाक के बाद अक्सर खबरों में छाई रहीं।

# 'हम आपको बताना चाहते...' चंचलानी ने एली अवराम के साथ शेयर किया वीडियो

यूट्यूबर और कॉमेडियन आशीष चंचलानी ने पिछले दिनों अपनी और एली अवराम की एक रोमांटिक तस्वीर शेयर की थी। इसके बाद से दोनों के रिलेशनशिप को लेकर खबरें आने लगीं। ऐसा कहा जा रहा था कि ये एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। अब कॉमेडियन ने हाल ही में एक और वीडियो शेयर किया है जिसने इनकी डेटिंग की खबरों को फिर से हवा दे दी है।



एक तरफ जहां कई लोगों का मानना है कि दोनों किसी नए प्रोजेक्ट के लिए साथ आए हैं वहीं कपल ने अभी तक इस बारे में कोई बात नहीं की है। उन्होंने वीडियो शेयर करते हुए लिखा, 'आखिरकार, हम तुम्हें बताने का इंतजार कर रहे थे...' वीडियो में, आशीष मजाक में खुद को अपनी कथित गर्लफ्रेंड एली का 'स्पॉट बॉय' बताते हुए कहते हैं, 'मैं तुम्हारा स्पॉट बॉय हूं। अगर तुम्हें किसी चीज की जरूरत हो, तो मुझे बता देना।' बाद में, बेरेट कैप पहने हुए अभिनेत्री ने उनसे पूछा, 'क्या तुम मेरी टोपी ठीक कर सकते हो?' आशीष कहते हैं, 'जी मैडम। क्या मैं तुम्हें इस पुल से धक्का दे सकता हूं, मैडम?' फिर दोनों जोर से हंसने लगते हैं। फैंस पोस्ट पर कमेंट करके मजे ले रहे हैं। एक यूजर ने कमेंट सेक्शन में लाल दिल वाले इमोजी के साथ लिखा, 'भैया भाभी'। दूसरे ने लिखा,'प्यारी जोड़ी'।

# अमिताभ-जया की नेटवर्थ उड़ा देगी आपके होश



अमिताभ बच्चन ने बॉलीवुड सिनेमा में खूब नाम कमाया है। दोस्ताना (1980), शान (1980), राम बलराम (1980), नसीब (1981), लावारिस (1981), कालिया (1981) शोले उनकी कुछ पॉपुलर फिल्मों में से एक हैं। वहीं इन दिनों एक्टर कौन बनेगा करोड़पति के अपकमिंग सीजन को लेकर चर्चा में हैं। इसकी रिलीज कुछ समय पहले ही सामने आई थी। 'कौन बनेगा करोड़पती सीजन 17' अगले महीने की 11 अगस्त से रात 9 बजे सोनी टीवी पर प्रसारित होगा। अमिताभ बच्चन ने 70 के दशक में फिल्मों में काम करना शुरू किया था और अभी तक एक्टिव हैं। आइए एक नजर डालते हैं उनकी नेट वर्थ और अन्य चीजों पर। रिपोर्ट के अनुसार, इंडस्ट्री के सबसे मजबूत जोड़ों में से एक अमिताभ बच्चन और जया बच्चन की कुल संपत्ति 1578 करोड़ रुपये है। जया की आय मुख्य रूप से फिल्म रोल्स, विज्ञापनों और सांसद के रूप में उनकी वेतन से आती है। वहीं अमिताभ की आय के कई अन्य स्रोत हैं, जिनमें एक्टिंग, विज्ञापन, ब्याज, किराया, लाभांश, पूंजीगत लाभ और एक सोलर प्लांट से होने वाली आय शामिल है। रिपोर्ट के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2022-23 के लेटेस्ट आंकड़ों के अनुसार, अमिताभ बच्चन की व्यक्तिगत कुल संपत्ति लगभग 273.74 करोड़ रुपये है, जबकि जया बच्चन की 1.63 करोड़ रुपये है। उनकी संयुक्त कुल संपत्ति 1,578 करोड़ रुपये है। 2024-25 में, अमिताभ ने कथित तौर पर 350 करोड़ रुपये कमाए, जिससे वह भारत के सबसे अधिक टैक्स पेयर्स में से एक बन गए।

# कैसे AI ने एक सिंपल लड़की को बना दिया एडल्ट स्टार

कुछ दिन पहले ये खबर आई थी कि अर्चिता फुकन नाम की असम की एक लड़की पॉर्न इंडस्ट्री ज्वाइन कर रही है। इसके साथ ही अमेरिकी एडल्ट स्टार केंड्रा लस्ट के साथ उसकी फोटो वायरल हुई और खुद उसने केड्रा उस पर कमेंट भी किया। इतना ही कम था क्या कि इसके साथ एक इमोशनल स्टोरी भी जोड़ दी गई। कहा गया कि ये लड़की जीबी रोड के गंदे वेश्यावृत्ति के काम में फंस गई जहां से 25 लाख रुपये देकर ये बाहर आई। इसका एक पोस्ट खुद उसने अपने इंस्टा अकाउंट से किया जिसमें उसने लिखा था, 'आपका अतीत आपकी जर्नी नहीं समझा सकता। छह साल तक इंडिया में वेश्यावृत्ति की काली दुनिया में फंसे रहने के बाद मैं इसकी बेड़ियां तोड़कर निकलने में सफल रही थी। मैंने अपनी आजादी के लिए उस समय 25 साल रुपए दिए थे'। कहा तो ये तक गया कि वहां से उसने आठ और लड़कियों को भी रेस्क्यू किया। जनता पूरी पागल हो ही रही थी कि अंत में इसका झूठ पकड़ लिया गया। दरअसल ये पूरा मामला AI का है। दरअसल जिस लड़की का यहां पर चेहरा यूज किया गया है उसने पुलिस में शिकायत कर दी थी। दरअसल उसका एक्स ब्वॉयफ्रेंड उससे बदला लेने के लिए ये सारा कांड कर रहा था। अचानक से उसका इंस्टा अकाउंट भी बदल जाता है। बेबी डॉल आर्ची से बदलकर इस्ताअमीरा हो जाता है। क्या आप भी कंफ्यूज हो गए। चलिए समझते हैं पूरा मामला। दरअसल असम के एक मैकेनिकल इंजीनियर ने कथित तौर पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और अपनी एक्स गर्लफ्रेंड की एक तस्वीर का इस्तेमाल करके एक नकली एडल्ट एंटरटेनमेंट पर्सनालिटी, बेबीडॉल आर्ची बनाई।



# अहान की 'सैय्यारा' पर सेंसर बोर्ड की कैंची

## 10 सेकंड के इंटीमेट सीन्स के साथ होंगे ये खास बदलाव




अनन्या पांडे के चचेरे भाई और चंकी पांडे के भतीजे अहान पांडे बहुत जल्द फिल्म 'सैय्यारा' से डेब्यू करने वाले हैं। फिल्म के ट्रेलर और इसे मिले रिस्पॉन्स को देखकर लगता है कि अहान बॉलीवुड में अपनी धमाकेदार पारी खेलने वाले हैं। वहीं इस फिल्म के जरिए अनीत पड्डा भी बतौर अभिनेत्री पहली बार स्क्रीन पर नजर आएंगी।

कई लोग इस फिल्म को आशिकी 2 से कंपेयर कर रहे हैं। फिलहाल सिनेमाघरों में इसका रिएक्शन देखना दिलचस्प होगा। मूवी शुक्रवार, 18 जुलाई को रिलीज होने वाली लेकिन इससे पहले इस पर सेंसर बोर्ड की कैंची चल गई है। केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (CBFC) ने इसमें कुछ बदलाव करने के सुझाव दिए हैं। बॉलीवुड हंगामा की एक रिपोर्ट के अनुसार, सीबीएफसी ने निर्माताओं से चार जगहों पर 'आपत्तिजनक' शब्दों को सेंसर करने और उनकी जगह 'उचित' शब्दों का इस्तेमाल करने को कहा है। हालांकि, कट लिस्ट में यह नहीं बताया गया है कि किन शब्दों को बदला गया है। सैय्यारा के निर्माताओं को 10 सेकंड के सेंशुअल, इंटीमेट और बॉडी एक्सपोजर वाले सीन्स को हटाने और उनकी जगह कुछ और बदलाव करने का भी निर्देश दयिा गया है। इसके अतिरिक्त, दोपहिया वाहनों से जुड़े दृश्यों के लिए हेलमेट सुरक्षा पर एक स्थिर डिस्क्लेमर लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। सैयारा को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) द्वारा यू/ए 16+ सर्टिफिकेट दिया गया है। अनिवार्य बदलावों के बाद, फिल्म की कुल अवधि 156.50 मिनट है, जो 2 घंटे, 36 मिनट और 50 सेकंड के बराबर है। अपने सॉन्ग रिलीज और ट्रेलर के बाद से ही, सैयारा ने महत्वपूर्ण चर्चा पैदा कर दी है। फैंस न्यूकमर अहान और अनीत की सिजलिंग केमिस्ट्री को देखने के लिए उत्साहित हैं।

# शाहरुख के करियर के लिए कलंक रही 90s की ये महाफ्लॉप

## शूटिंग के बीच जेल चला गया था को-स्टार



90 के दशक से लेकर अब तक हिंदी सिनेमा में राज करने वाले अभिनेता के तौर पर शाहरुख खान को जाना जाता है। 30 साल से अधिक के एक्टिंग करियर में शाह रुख ने एक से बढ़कर एक मूवीज के जरिए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया है, इसी वजह से उन्हें इंडस्ट्री में किंग खान के नाम से जाना जाता है। लेकिन क्या आपको पता है कि बॉलीवुड के किंग के करियर में एक ऐसी महाफ्लाप का नाम जुड़ा हुआ है, जो मेगा बजट होने के बावजूद बुरी तरह फ्लॉप हुई थी। इतना ही नहीं कई विवादों की वजह से ये चर्चा में रही। 90 के दशक में शाह रुख खान सफलताओं के ऊंचाइयों को छू रहे थे। करण-अर्जुन, दिलवाले दुल्हनियां ले जाएंगे और राम जाने जैसे हिट फिल्मों के बाद 1995 में शाह रुख ने निर्देशक म कुम आनंद की मूवी त्रिमर्ती में काम किया। इस फिल्म में शाह रुख खान के अलावा जैकी श्रॉफ और अनिल कपूर जैसे कलाकार मौजूद रहे। मल्टी स्टारर इस मूवी का बजट 11 करोड़ था और उस वक्त इस फिल्म ने ओपनिंग डे पर 1 करोड़ का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन किया था, जो उस समय की किसी भी फिल्म के लिहाज से काफी ज्यादा था। शानदार शुरुआत के बाद नेगेटिव रिव्यू के चलते त्रिमूर्ती असफलता की भेंट चढ़ गई और इसका टोटल कलेक्शन 9 करोड़ पर जाकर सिमट गया। इस तरह से ये मेगा बजट फिल्म महाफ्लॉप के तौर पर याद की जाती है। शाह रुख खान के बढ़ते करियर पर त्रिमूर्ती की असफलता ने ब्रेक लगा दिया था। अन्य कई वजह से भी त्रिमूर्ती चर्चा में रही थी। दरअसल त्रिमूर्ती में शाह रुख खान, जैकी श्रॉफ और संजय दत्त को कास्ट किया गया था। लेकिन 1993 मुंबई बम ब्लॉस्ट की वजह से संजय को जेल हो गई थी और वह फिल्म से बाहर हो गए थे। बताया जाता है कि उन्होंने इसके कुछ सीन्स की शूटिंग भी कर ली थी। बाद में आदित्य पंचोली के नाम पर मेकर्स ने विचार किया, लेकिन मुकुल आनंद ने अनिल कपूर को फाइनल कर लिया।

# सोनम देर रात ब्रालेस लुक में पहुंची इवेंट अटेंड करने



बॉलीवुड एक्ट्रेस और अनिल कपूर की बेटी सोनम कपूर अपनी एक्टिंग से ज्यादा अपने ड्रेसिंग स्टाइल को लेकर चर्चा में बनी रहती हैं। वो जो भी पहनती हैं, वो फैशन बन जाता है लेकिन हाल ही में एक इवेंट में उन्होंने कुछ ऐसा पहना जिसमें वो बनना तो बोल्ड चाहती थीं लेकिन अनकंफर्टेबल हो गईं। हाल ही में सोनम कपूर एक इवेंट का हिस्सा बनीं और इस इवेंट में उन्होंने ओवरसाइज्ड ब्लैक ब्लेजर पहना हुआ था। इस ब्लेजर के साथ उन्होंने मैचिंग ब्लैक पैंट पहनी थी और साथ में इसे न्यूड पंप्स के साथ कैरी किया था। एक्ट्रेस ने काफी मिनिमल मेकअप किया था, जिससे उनका चेहरा फ्रेश लगे और बालों को खोल रखा था।

सोनम का यूं तो पूरा का पूरा आउटफिट शानदार लग रहा था, लेकिन इसके बावजूद वो काफी अनकंफर्टेबल लग रही थीं। उसकी वजह थी एक्ट्रेस का ब्रालेस लुक। जी हां, उन्होंने कोर्ट के अंदर कुछ नहीं पहना था, जिसकी वजह से वो खुद को बार-बार बचा रही थीं ताकि वो ऊप्स मोमेंट की शिकार ना हो जाएं। वीडियो में उनका डिसकंफर्ट साफ नजर आ रहा है। बॉलीवुड की फैशन क्वीन सोनम कपूर हाल ही में विंबलडन के पुरुषों के फाइनल मैच में नजर आईं। अपने खास स्टाइल के लिए पहचानी जाने वाली सोनम ने इस बार भी सबका ध्यान अपनी तरफ खींच लिया। उन्होंने ब्लू और व्हाइट रंग का राल्फ लॉरेन का पैंटसूट पहना था, जिसमें वो बेहद क्लासी और एलिगेंट लग रही थीं। सोनम ने जो आउटफिट पहना था, वह राल्फ लॉरेन के समर/स्प्रिंग 2025 कलेक्शन से था। उन्होंने इसे राल्फ लॉरेन के हैंडबैग और सनग्लासेस के साथ स्टाइल किया था। इसके अलावा उनके फुटवियर मैनोलो ब्लाहनिक ब्रांड के थे, जो उनके पूरे लुक को एक परफेक्ट टेनिस टच दे रहे थे। उन्होंने एक छोटा सा ब्रोच भी लगाया था, जिसमें टेनिस बॉल्स लगी हुई थीं। जहां तक उनके फिल्मों की बात है, फिलहाल सोनम ने कोई नया प्रोजेक्ट अनाउंस नहीं किया है। हालांकि, वे फैशन इवेंट्स में लगातार एक्टिव हैं। हाल ही में उन्होंने हॉलीवुड एक्ट्रेस केट ब्लैंचेट के साथ मिलकर 'द सर्पेंटाइन समर पार्टी' की मेजबानी भी की थी। यह एक खास इवेंट था, जहां दुनिया भर से आर्ट, फैशन, बिजनेस और टेक्नोलॉजी से जुड़ी बड़ी हस्तियां शामिल हुईं।



## जापान में गोल्ड जीतकर लौटी नमी राय पारेख रायपुर एयरपोर्ट पर हुआ भव्य स्वागत

**कहा- मैं एक बहू होकर गोल्ड मेडल लाई हूं तो बेटियां कर सकती हैं और भी बेहतर**

**संवाददाता ● रायपुर**

छत्तीसगढ़ की बेटी और पावरलिफ्टिंग की उभरती सितारा नमी राय पारेख ने जापान में आयोजित एशिया पैसिफिक चैंपियनशिप में 57 किग्रा सीनियर कैटेगरी (क्लासिक पावरलिफ्टिंग, डेडलिफ्ट) में गोल्ड मेडल जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया है। बुधवार शाम रायपुर लौटने पर स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर उनका भव्य स्वागत किया गया। नमी राय पारेख ने गोल्ड मेडल जीतने के बाद अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि गोल्ड मेडल लाकर मैं बहुत खुश हूं। यह मेरे छह सालों की कड़ी मेहनत का नतीजा है। छह महीने पहले मैंने नेशनल चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीता था, जिसके बाद मेरा इंटरनेशनल स्तर पर चयन हुआ। अब यहाँ भी गोल्ड मेडल जीतकर मैं गौरवान्वित महसूस कर रही हूं। उन्होंने आगे कहा कि मेरा गोल्ड मेडल का सिलसिला यहीं रुकने वाला नहीं है। मेरा लक्ष्य है कि मैं भविष्य में भी अंतरराष्ट्रीय खेलों में गोल्ड मेडल जीतकर रिकॉर्ड तोड़ूं।

नमी ने प्रदेश की बेटियों को प्रेरित करते हुए कहा कि जो खेल आपको पसंद है, उसमें पूरी मेहनत और लगन के साथ आगे बढ़ें। मैं एक बहू होकर गोल्ड मेडल लाई हूं, तो बेटियां तो और भी बेहतर कर सकती हैं। नमी ने अपने परिवार के समर्थन को अपनी सफलता का आधार बताया। उन्होंने कहा कि मुझे मेरे परिवार से बहुत सपोर्ट मिला। मैं सभी माता-पिता से अपील करती हूं कि वे अपने बच्चों को सपोर्ट करें और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें।

### बस्तर की बेटी ने रचा इतिहास

# रंजीता ने ताईवान में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जीता गोल्ड मेडल, मुख्यमंत्री साय ने दी बधाई

**संवाददाता ● रायपुर**

छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले की बेटी रंजीता कोरेटी ने ताइपे (ताईवान) में आयोजित एशियन कैडेट जूडो चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत और छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है। छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद बालगृह बालिका कोण्डागांव की रंजीता ने कई देशों के खिलाड़ियों को पराजित करते हुए यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस उपलब्धि पर रंजीता को बधाई दी। सीएम साय ने कहा कि यह न केवल कोण्डागांव जिले बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ राज्य के लिए अत्यंत गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि रंजीता जैसी बेटियां राज्य की उम्मीद और नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा है, जो यह सिद्ध कर रही है कि छत्तीसगढ़ की बेटियां अब वैश्विक मंच पर अपनी अलग पहचान बना रही है। रंजीता की इस उपलब्धि के पीछे जिला बाल संरक्षण इकाई, महिला एवं बाल विकास विभाग एवं बालगृह संस्था की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। सतत मार्गदर्शन और सहयोग से रंजीता मानसिक और शारीरिक रूप से निरंतर सशक्त होती गई। खेलों में विशेष रुचि और विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए उसे आईटीबीपी के सहयोग से जूडो का प्रशिक्षण दिलवाया गया। रंजीता ने वर्ष 2021 में चंडीगढ़ में आयोजित ओपन नेशनल जूडो टूर्नामेंट में 40 किलोग्राम वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी खेल यात्रा की प्रभावशाली शुरुआत की। वर्ष 2022 में भोपाल में आयोजित ओपन नेशनल जूडो प्रतियोगिता में रंजीता ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। वर्ष 2024 में केरल में आयोजित खेलो इंडिया नेशनल जूडो टूर्नामेंट में 52 किलोग्राम वर्ग में सिल्वर मेडल प्राप्त किया। इसी वर्ष महाराष्ट्र



के नासिक में आयोजित खेलो इंडिया रीजनल जूडो प्रतियोगिता में उसने गोल्ड मेडल हासिल किया। साथ ही त्रिशूर (केरल) में 52 किलोग्राम वर्ग में पुनः स्वर्ण पदक प्राप्त कर अपनी श्रेष्ठता को दोहराया। पुणे में आयोजित राष्ट्रीय ओपन नेशनल जूडो चैंपियनशिप में रंजीता ने असम, तेलंगाना, महाराष्ट्र और दिल्ली जैसे प्रमुख राज्यों की खिलाड़ियों को पराजित करते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया। खेलो इंडिया यूथ गेम्स, पटना (बिहार) में भी उसने जूडो चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक प्राप्त कर जिले और राज्य को गौरवान्वित किया।

रंजीता ने अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भी किया उल्लेखनीय प्रदर्शन

राष्ट्रीय स्तर पर निरंतर उपलब्धियों के पश्चात रंजीता ने अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भी भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। अप्रैल 2025 में जॉर्जिया में आयोजित कैडेट यूरोपियन कप 2025 में रंजीता ने 52 किलोग्राम वर्ग में 5वाँ स्थान प्राप्त किया। इसके बाद ताशकंद (उज़्बेकिस्तान) में वर्ष 2025 में आयोजित एशियन कैडेट चैंपियनशिप में भी उसने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी रखा। अंततः 12 जुलाई से 15 जुलाई 2025 तक ताइपे (ताईवान) में आयोजित एशियन कैडेट जूडो चैंपियनशिप में रंजीता ने स्वर्ण पदक जीतकर भारत के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मेडल हासिल किया।

## बेटियों को सशक्त बनाने सरकार प्रतिबद्ध

रंजीता की इस प्रेरणादायक यात्रा को देखते हुए जनवरी 2023 में उसका चयन भोपाल स्थित स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (SAI) में हुआ, जहां वह वर्तमान में शिक्षा के साथ-साथ जूडो का उच्चस्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि यह सफलता यह दर्शाती है कि यदि बेटियों को अवसर, संसाधन और सही मार्गदर्शन मिले तो वे किसी भी ऊंचाई को छू सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार बेटियों को सशक्त बनाने के लिए हर स्तर पर प्रतिबद्ध है और रंजीता कोरेटी जैसे उदाहरण छत्तीसगढ़ की शक्ति और संभावना का प्रतीक है।

## अचानक इंग्लैंड पहुंचा ये खतरनाक भारतीय गेंदबाज, दो मैचों में तूफान मचाने को है तैयार

**सरे**ः तमिलनाडु के स्पिनर आर साई किशोर अब इंग्लैंड में क्रिकेट खेलते हुए दिखेंगे। उन्होंने सरे काउंटी क्रिकेट क्लब के साथ एक छोटा करार किया है। वह काउंटी चैम्पियनशिप के डिवीजन वन में सरे के लिए दो मैच खेलेंगे। जुलाई के अंत में होने वाले इन मैचों में साई किशोर अपनी फिरकी का जादू दिखाएंगे। इन दो मुकाबलों के लिए साई इंग्लैंड पहुंच चुके हैं। पहले मैच में उनका मुकाबला अपने पुराने सीएसके टीम के साथी और ऋतुराज गायकवाड़ से होगा, जो यॉर्कशायर की टीम में हैं। दूसरा मैच डरहम के खिलाफ चेस्टर-ले-स्ट्रीट में 29 जुलाई से 1 अगस्त तक खेला जाएगा। साई किशोर सरे टीम में शामिल होने से बहुत खुश हैं। सरे के हाई-परफॉर्मेंस सलाहकार एलेक स्टीवर्ट ने भी साई किशोर का टीम में स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि उन्हें भारतीय क्रिकेट जगत के लोगों से साई किशोर के बारे में अच्छी बातें सुनने को मिली हैं। साई किशोर पहले भी इंग्लैंड जा चुके हैं। 2022 में वह भारतीय टीम के साथ रिजर्व खिलाड़ी के तौर पर इंग्लैंड दौरे पर गए थे। उन्होंने एक अभ्यास मैच में चेतेश्वर पुजारा का विकेट भी लिया था। इसके अलावा, गुजरात टाइटन्स के साथ उनका आईपीएल सीजन भी शानदार रहा था। साई किशोर काउंटी क्रिकेट में पहली बार खेलेंगे। उन्होंने कहा, 'मैं सरे में शामिल होने के लिए बहुत उत्साहित हूं।' उन्होंने यह भी कहा कि सरे दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित क्लबों में से एक है। उन्हें इस क्लब के बारे में बहुत अच्छी बातें सुनने को मिली हैं। साई किशोर के आईपीएल प्रदर्शन की बात करें तो उन्होंने 15 मैचों में 19 विकेट लिए थे। वह उस सीजन में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले दूसरे स्पिनर थे। इससे पता चलता है कि वह टी20 क्रिकेट में भी कितने प्रभावी हैं। कुल मिलाकर, साई किशोर के लिए यह एक बड़ा अवसर है। सरे जैसी प्रतिष्ठित टीम के लिए खेलना उनके करियर के लिए बहुत फायदेमंद हो सकता है। उन्हें ऋतुराज गायकवाड़ जैसे खिलाड़ियों के खिलाफ खेलने का भी मौका मिलेगा, जिससे उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा।

## 17 हार और सिर्फ दो जीत... सचिन के संन्यास लेते टीम इंडिया को क्या हो गया?

नई दिल्लीः सचिन तेंदुलकर ने नवंबर 2013 में भारत के लिए आखिरी टेस्ट मैच खेला था। उस समय भारतीय टीम के प्रदर्शन का ग्राफ नीचे गिर रहा था। 2015 की शुरुआत में विराट कोहली को कप्तानी मिली और टीम इंडिया ने एक के बाद एक जीत हासिल की। ऑस्ट्रेलिया को दो बार घर में जाकर टेस्ट सीरीज में हराया। इंग्लैंड से लेकर साउथ अफ्रीका हर जगह जाकर मुकाबले जीते। विराट के पास खुद चेज मास्टर का टैग है। इसके बाद भी टेस्ट में रन चेज में टीम इंडिया फिसड्डी हो चुकी है।

भारतीय टीम को सचिन तेंदुलकर के संन्यास के बाद टेस्ट में 26 बार 150 या उससे ज्यादा का टारगेट मिला है। टीम इसमें सिर्फ दो ही मुकाबले अपने नाम कर पाई। 2021 में ब्रिस्बेन के गाबा में 329 रन बनाकर जीत हासिल की थी। फिर पिछले साल रांची टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाफ चौथी पारी में शुभमन गिल और ध्रुव जुरेल ने जैसे तैसे जीत दिला दी थी। इसके अलावा टीम को 17 बार हार मिली है और 7 मुकाबले ड्रॉ रहे। भारतीय टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ वानखेड़े स्टेडियम पर पिछले साल नवंबर में चौथी पारी में जीत के लिए 147 रनों का लक्ष्य मिला था। टीम उसे भी चेज नहीं कर पाई थी। 30वें ओवर में टीम की पारी 121 रनों पर सिमट गई। 2018 में इंग्लैंड के खिलाफ बर्मिंघम में 194 रन चेज नहीं हुए थे। श्रीलंका के खिलाफ गाले में 2015 में 176 रन टीम चेज करने में फेल रही थी।

टीम 5 बार 150 से ज्यादा का टारगेट चेज करते हुए 50 या उससे कम रन से हारी है। सचिन तेंदुलकर के करियर के दौरान भारतीय टीम ने टेस्ट में 13 बार 150 या उससे ज्यादा का टारगेट चेज करते हुए जीत हासिल की थी। 2008 में सचिन तेंदुलकर के शतक की मदद से भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ चौथी पारी में 387 रन बनाकर जीत हासिल की थी। वहीं 25 बार टीम 150 से ज्यादा का टारगेट चेज करते हुए हारी। 1997 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 120 रन चेज करते भारत 81 पर ऑलआउट हो गया था।

## हरभजन सिंह का 13 साल पुराना रिकॉर्ड हुआ चूर-चूर, बांग्लादेशी खिलाड़ी ने श्रीलंका में काटा बवाल

**एजेंसी ● कोलंबो**

बांग्लादेश के स्पिनर मेहदी हसन ने इतिहास रच दिया है। उन्होंने कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में टी20 में किसी भी विदेशी गेंदबाज द्वारा सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी का रिकॉर्ड बनाया है। मेहदी ने यह उपलब्धि श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज के तीसरे और अंतिम मैच में हासिल की। उन्होंने 4 ओवर में 11 रन देकर 4 विकेट लिए।

### मेहदी हसन ने तोड़ा रिकॉर्ड

मेहदी हसन ने श्रीलंका के खिलाफ शानदार गेंदबाजी की। उन्होंने 4 ओवर में 11 रन देकर 4 विकेट लिए। हरभजन सिंह ने 2012 में इंग्लैंड के खिलाफ 4 ओवर में 12 रन देकर 4 विकेट लिए थे। जोश हेजलवुड ने 2022 में श्रीलंका के खिलाफ 4 ओवर में 16 रन देकर 4 विकेट लिए थे। मेहदी हसन ने प्लेइंग XI में मेहदी हसन मिराज की जगह ली। उन्होंने शुरुआत से ही विकेट लेना शुरू कर दिया। अपने पहले ओवर में उन्होंने कुसल परेरा का विकेट लिया। परेरा तेजी से रन बनाने में माहिर हैं। फिर पांचवें ओवर में मेहदी ने खतरनाक दिनेश चांदीमल को आउट किया। इसके बाद उन्होंने अपने आखिरी ओवर में चरित असलंका का विकेट लिया।






### भज्जी के नाम था रिकॉर्ड

इस प्रदर्शन के साथ उन्होंने हरभजन सिंह के 2012 में इंग्लैंड के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप में बनाए गए 4 ओवर में 12 रन देकर 4 विकेट लेने के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। हालांकि, इस मैदान पर सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी का रिकॉर्ड वानिंदु हसरंगा के नाम है। उन्होंने 2021 में भारत के खिलाफ 4 ओवर में 9 रन देकर 4 विकेट लिए थे।

### श्रीलंकाई टीम को किया परेशान

मेहदी की शानदार गेंदबाजी की वजह से बांग्लादेश ने श्रीलंका को पावरप्ले में 40 रन पर तीन विकेट पर रोक दिया। वह टी20 में 50 या उससे ज्यादा विकेट लेने वाले बांग्लादेश के पांचवें गेंदबाज भी बन गए हैं। उनसे पहले शाकिब अल हसन, मुस्तफिजुर रहमान, तस्कीन अहमद और शोरफुल इस्लाम यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं। मेहदी ने बांग्लादेश के लिए 10 वनडे भी खेले हैं। इसमें उन्होंने 4.95 की इकोनॉमी रेट से 14 विकेट लिए हैं। मेहदी हसन ने श्रीलंका को झकझोर दिया। उन्होंने अपनी गेंदबाजी से श्रीलंकाई बल्लेबाजों को परेशान किया। उनकी फिरकी गेंदबाजी का श्रीलंकाई बल्लेबाजों के पास कोई जवाब नहीं था। मेहदी ने सही लाइन और लेंथ पर गेंदबाजी की। उन्होंने बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया।

## हरमनप्रीत कौर की शेरनियों ने लिया लॉर्ड्स टेस्ट की हार का बदला...

**एजेंसी ● साउथैम्प्टन**

भारतीय महिला टीम ने इंग्लैंड को साउथैम्प्टन में खेले गए पहले वनडे मुकाबले में 4 विकेट से हरा दिया। दीप्ति शर्मा की शानदार अर्धशतकीय पारी और स्नेह राणा की बेहतरीन गेंदबाजी इस जीत की वजह बनी। इस जीत के साथ टीम इंडिया तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से आगे हो गई है। मैच में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। तेज गेंदबाज क्रांति गौड ने इंग्लैंड की शुरुआत बिगाड़ दी। उन्होंने टैमी ब्यूमोंट (5) और एमी जोन्स (1) को जल्दी आउट कर दिया। इंग्लैंड का स्कोर 20/2 हो गया था। एम्मा लैम्ब (39 रन, 50 गेंद, चार चौके) और कप्तान नैट साइवर ब्रंट (41 रन, 52 गेंद, पांच चौके) ने मिलकर 71 रनों की साझेदारी की। इससे इंग्लैंड की पारी कुछ संभली। लेकिन, स्नेह राणा ने दोनों को आउट कर दिया। 20.1 ओवर में इंग्लैंड का स्कोर 97/4 हो गया। सोफिया डंकले (83 रन, 92 गेंद, 9 चौके) और डेविडसन रिचर्ड्स (53 रन, 73 गेंद, दो चौके) ने मिलकर शतकीय साझेदारी की। इससे इंग्लैंड बड़े खतरे से बच गया। सोफी एक्लेस्टोन ने आखिर में 23- रनों की तेज पारी खेली। इंग्लैंड ने 50 ओवर में 258/6 रन बनाए। राणा ने 2/31 और गौड ने 2/55 विकेट लिए। अमनजोत कौर और श्री चरणी को एक-एक विकेट मिला। 259 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए, भारत की सलामी जोड़ी प्रतिका रावल और स्मृति मंधाना (28 रन, 24 गेंद, पांच चौके) ने अच्छी शुरुआत की। दोनों ने 48 रनों की साझेदारी की। रावल (36 रन, 51 गेंद, तीन चौके) ने हरलीन देओल (27 रन, 44 गेंद, चार चौके) के साथ 46 रनों की साझेदारी की। लेकिन भारत ने जल्दी-जल्दी रावल, डेओल और कप्तान हरमनप्रीत (17) के विकेट खो दिए। 27.1 ओवर में भारत का स्कोर 124/4 हो गया। जेमिमा रोड्रिग्स (48 रन, 54 गेंद, पांच चौके) ने दीप्ति शर्मा के साथ मिलकर 87 रनों की साझेदारी की। इससे टीम का स्कोर 200 के पार पहुंच गया।

# तीन टेस्ट से बाहर, चौथे में मिलेगा मौका? गौतम गंभीर पर सवाल

**एजेंसी ● लंदन**

भारत के स्टार स्पिनर कुलदीप यादव इंग्लैंड में पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के पहले तीन मैचों में बेंच पर ही रहे। ओल्ड ट्रैफर्ड में होने वाले चौथे टेस्ट के करीब आने के साथ, कुलदीप के बचपन के कोच कपिल देव पांडे को लगता है कि अब समय आ गया है कि स्पिनर को उसका हक मिले। पांडे ने कुलदीप की फॉर्म और तैयारी पर विश्वास जताया और कहा कि अगर उन्हें मौका दिया जाए तो स्पिनर प्रभाव डाल सकता है।

### कुलदीप को मिलना चाहिए मौका

इंग्लैंड दौरे पर 5 टेस्ट मैचों के लिए गई भारतीय टीम में कुलदीप यादव शामिल हैं। शुरुआती 3 टेस्ट में उन्हें खेलने का मौका नहीं मिला है। कुलदीप यादव के कोच कपिल पांडेय ने कहा है कि कुलदीप के खेलने से ज्यादा अहम भारत का जीतना है। आईएएनएस से बात करते हुए कपिल पांडेय ने कहा कि कुलदीप का खेलना इतना अहम नहीं है, जितना देश का जीतना। टीम इंडिया अच्छा प्रदर्शन कर रही है। शुरुआत में सोचा गया था कि कुलदीप को प्लेइंग इलेवन में जगह मिलेगी। लेकिन, तेज गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया और विकेट निकाला। इसलिए उन्हें अभी तक मौका नहीं मिल सका है।

### तगड़ी फॉर्म में हैं कुलदीप यादव

उन्होंने कहा कि कुलदीप श्रेष्ठ फॉर्म में हैं। चैंपियंस ट्रॉफी, विश्व कप में उनका प्रदर्शन शानदार रहा था। मुझे लगता है कि बल्लेबाजी की वजह से कुलदीप को जगह नहीं मिल रही।



**कुलदीप यादव को बेंच पर बैठे देख भड़के कोच...**

लेकिन, अब तक सीरीज में बल्लेबाजों की वजह से टीम ने मैच गंवाए हैं। गेंदबाजों का प्रदर्शन अच्छा रहा है। आप जसप्रीत बुमराह या कुलदीप यादव से 100 रन की उम्मीद नहीं रख सकते। कपिल पांडेय ने कहा कि उनकी कुलदीप से बातचीत हुई है। उन्हें फिट रहने और जब भी मौका मिलता है, खेलने और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की सलाह दी है। कुलदीप इस समय देश के सर्वोत्तम स्पिनर हैं।

### टेस्ट में 50 से ज्यादा विकेट

कुलदीप यादव की गिनती इस समय न सिर्फ भारत बल्कि दुनिया के श्रेष्ठ स्पिनर्स में होती है। हर फॉर्मेट में उन्होंने देश के लिए अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्हें टेस्ट खेलने का मौका बहुत कम मिला है। कुलदीप ने अब तक 13 टेस्ट खेले हैं, जिसमें 56 विकेट लिए हैं। कुलदीप यादव ने हाल के दिनों में अपनी बल्लेबाजी पर भी काम किया है। लेकिन, बतौर स्पिनर और बल्लेबाज रविंद्र जडेजा और वाशिंगटन सुंदर की मौजूदगी की वजह से उन्हें मौका नहीं मिल पा रहा है।

!! श्रीकृष्ण शरणंमम !!
दैनिक आदित्य भारत
सदैव सत्य के साथ...
इंदौर, शुक्रवार, 18 जुलाई, 2025
www.adityabharat.com





दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल में कोरियाई ट्रेड यूनियन परिसंघ (केसीटीयू) के सदस्यों ने राष्ट्रीय सभा के पास एक रैली निकाली और मांग की कि सरकार श्रमिक-समर्थक अधिनियम में संशोधन करे।

## शॉट न्यूज

### सपा सांसद के गले में भगवा रंग का दुपट्टा कांवड़ियों की सेवा

**लखनऊ**। सावन के पवित्र माह में कांवड़ यात्रा शुरू हो चुकी है। लाखों शिवभक्त पैदल गंगा जल लेकर हरिद्वार, गढ़मुक्तेश्वर, वाराणसी, प्रयागराज आदि जगहों से निकल चुके हैं। जगह जगह उनकी सेवा और स्वागत किया जा रहा है। इसी बीच समाजवादी पार्टी की सांसद इकरा हसन का एक वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें वह भगवा दुपट्टा ओढ़े हुए श्रद्धालुओं को प्रसाद बांटती दिख रही हैं। दरअसल सपा सांसद एक कांवड़ियों के लिए बने शिविर में पहुंची थीं। वहां शिविर संचालकों ने सांसद को भगवा रंग का पटका पहनाकर सम्मानित किया। इसके बाद इकरा हसन यही भगवा पटका पहनकर प्रसाद वितरित करती रही। जिसका वीडियो देखते ही देखते वायरल हो गया। शिवभक्तों की सेवा कर प्रसाद वितरित करने के बाद सपा सांसद ने कहा कि यह हमारे देश की साझी संस्कृति हैं। इसे बढ़ावा देना चाहिए। इकरा हसन के कांवडियों की सेवा करने वाले वीडियो को देखकर लोगों ने सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया भी दी है।

### बलूचिस्तान में बस पर हमला, 3 मौत, 13 घायल

**बलूचिस्तान** । बलूचिस्तान के कालात में बुधवार को एक यात्री बस पर हमला हुआ, जिसमें 3 लोगों की मौत हो गई और 13 लोग घायल हो गए। पाकिस्तानी मीडिया डॉन के मुताबिक, हमलावरों ने क्वेटा-कराची हाईवे पर नेमार्ग इलाके में घात लगाकर बस को रोका और अंधाधुंध गोलीबारी की। गंभीर रूप से घायल लोगों को क्वेटा के अस्पताल में भेजा गया है। मशहूर कव्वाल माजिद अली साबरी ने बताया कि उनके भाई, भतीजे और लोग शादी समारोह में प्रदर्शन के लिए क्वेटा जा रहे थे। बलूचिस्तान सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिंद ने बताया कि सुरक्षा बलों और बचाव दल तुरंत मौके पर पहुंचे और हमलावरों की तलाश में अभियान शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि हमलावरों ने सड़क के दोनों ओर से हमला किया। मुख्यमंत्री मिर्जा सरफराज बुगती ने इस हमले की निंदा की और इसे फितना अल हिंदुस्तान आतंकी संगठनों का काम बताया। उन्होंने कहा- निर्दोष नागरिकों पर हमला गंभीर अपराध है।

### शेख हसीना के गृहनगर में रैली के दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस में हुई थी झड़प

# बांग्लादेश में हिंसा, फायरिंग में 4 की मौत, 9 घायल

**ढाका ● एजेंसी**

बांग्लादेश के गोपालगंज शहर में युवाओं के नेतृत्व वाली नेशनल सिटीजन पार्टी (एनसीपी) की एक रैली में हिंसा भड़क उठी। हिंसा के दौरान पुलिस की फायरिंग में चार लोगों की मौत हो गई। 9 लोग घोली लगने से घायल हैं। गोपालगंज बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना का गृहनगर है। बांग्लादेश की प्रोथोम अलो न्यूज एजेंसी के अनुसार, एनसीपी की रैली के दौरान शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग के समर्थक पुलिस से भिड़ गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अवामी लीग समर्थकों ने पुलिस पर लाठी-डंडों, ईंट-पत्थरों से पुलिस, सेना और पैरामिलिट्री फोर्स पर हमला कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस और स्थानीय प्रशासनिक प्रमुख के वाहनों में भी तोड़फोड़ की। साथ ही एनसीपी के काफिले पर भी हमला किया, जिसके बाद सुरक्षाबलों को गोलियां चलानी पड़ीं। सुरक्षा बलों ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले और साउंड ग्रेनेड भी फेंके। हिंसा में मारे गए लोगों में से तीन की पहचान दीप्टो साहा (25 साल), रमजान काजी (18 साल) और सोहेल मोल्ला (41 साल) के रूप में हुई है। डॉक्टरों ने बताया कि मृतकों को घायल अवस्था में गोपालगंज जनरल अस्पताल लाया गया था।

**झड़प**





### हिंसा के बाद भी एनसीपी ने रैली की, गोपालगंज में 22 घंटे कर्फ्यू

हिंसा के बावजूद एनसीपी ने गोपालगंज में अपनी रैली पूरी की। क्षतिग्रस्त मंच पर टूटी हुए साउंड सिस्टम के साथ नेताओं ने भाषण दिए। एनसीपी के संस्थापक और कन्वीनर नाहिद इस्लाम ने रैली की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि अगर सुरक्षा एजेंसियों ने हमें न्याय नहीं दिया, तो हम अपने लिए न्याय खुद लेंगे। एनसीपी नेता सरजिस आलम ने एक फेसबुक पोस्ट में कहा, 'गोपालगंज में, हत्यारी हसीना के गुर्गों ने हम पर हमला किया। पुलिस बस खड़ी होकर तमाशा देखती और पीछे हट गई।' बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस के ऑफिस ने गोपालगंज में बुधवार रात आठ बजे से अगले 22 घंटे का कर्फ्यू लगाने का आदेश दिया है। गोपालगंज में पैरामिलिट्री बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीपी) के लगभग 200 सैनिकों को गोपालगंज में तैनात किया गया है। बांग्लादेश में एनसीपी एक नया उभरता राजनीतिक दल है। 28 फरवरी 2025 को इसका गठन हुआ।

### पिछले साल आरक्षण के खिलाफ आंदोलन ने किया था तख्तापलट

बांग्लादेश में पिछले साल छात्रों के नेतृत्व में बड़े पैमाने पर विरोध-प्रदर्शन हुए थे। भीड़ ने 5 अगस्त, 2024 को तत्कालीन प्रधानमंत्री, 77 साल शेख हसीना के आवास पर हमला कर दिया था। भीड़ के पहुंचने से पहले हसीना बांग्लादेश से भागकर भारत आ गई थीं। वे तब से भारत में रह रही हैं। इसी के साथ बांग्लादेश में अवामी लीग की 20 साल पुरानी सरकार भी गिर गई। इसके बाद मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार की स्थापना की गई।

### यूनुस बोले- रैली से रोकना मौलिक अधिकारों का उल्लंघन

यूनुस ने X पर एक पोस्ट में कहा, 'युवाओं को उनके क्रांतिकारी आंदोलन की एक साल की सालगिरह मनाने के लिए शांतिपूर्ण रैली करने से रोकना उनके मौलिक अधिकारों का शर्मनाक उल्लंघन है।' यूनुस ने हिंसा के लिए हसीना की अवामी लीग पार्टी और उसके छात्र समूह को जिम्मेदार ठहराया। यूनुस ने कहा, 'अपराधियों की जल्द से जल्द पहचान की जानी चाहिए और उन्हें पूरी तरह से जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए।

# पाकिस्तानी पत्रकार को उसके पूर्व पति ने पीटा

**इस्लामाबाद ● एजेंसी**

पाकिस्तानी पत्रकार और टीवी एंकर जस्मीन मंजूर ने अपने पूर्व पति पर घरेलू हिंसा के आरोप लगाया है। बुधवार को उन्होंने एक्स पर अपनी चोट की कुछ तस्वीरें शेयर कीं। इनमें उनके चेहरे पर चोट और सूजन दिख रही थी। जस्मीन ने दावा किया कि उनके पति ने उनके साथ मारपीट की है। जस्मीन ने एक पोस्ट में लिखा- यह मैं हूं। हां, यह मेरी कहानी है - मेरी जिंदगी एक जालिम इंसान ने बर्बाद कर दी। मैं अपना इंसाफ अल्लाह पर छोड़ती हूं।' एक अन्य पोस्ट में उन्होंने लिखा- यह मेरे पूर्व पति की देन है। मैं लंबे समय तक सोचती रही कि क्या मुझे यह बात सार्वजनिक करनी चाहिए। लेकिन मैं हिम्मत दिखाना चाहती हूं ताकि हम सब मिलकर इस तरह के व्यवहार के खिलाफ एकजुट हों और सरकारी अधिकारी अपनी आंखें खोलें।' जस्मीन ने आगे लिखा- यह किसी के भी साथ हो सकता है। घर के अंदर भी कोई सुरक्षित नहीं है। सबसे खतरनाक लोग वही हैं, जिन पर आप आंख मूंदकर भरोसा करते हैं।' उन्होंने अपने पूर्व पति को डरपोक बताते हुए कहा कि जब आपको एक महिला मिलती है, तब आप अपना असली रंग दिखाते हैं। आप बस एक डरपोक हैं। कुछ लोग हमेशा नफरत करते हैं, लेकिन उन्हें कोई इल्जाम नहीं दिया जाना चाहिए, यह उनकी जिंदगी की नाकामी है। मेरे पास ऐसी तस्वीरें हैं। पाकिस्तान में महिलाओं के खिलाफ हिंसा और बाल विवाह लगातार बढ़ोतरी देखी जा रही है। पाकिस्तान डेमोग्राफिक एंड हेल्थ सर्वे (2017-18) के मुताबिक, देश में 15-49 साल की 28% महिलाओं ने शारीरिक हिंसा झेली है, जबकि 6% ने यौन हिंसा का शिकार हुई हैं। इसके अलावा, 34% विवाहित महिलाओं ने पति से शारीरिक, यौन या भावनात्मक हिंसा का सामना किया है।

### अमेरिका में भारतीय महिला पर चोरी का आरोप


# बिना पेमेंट 1 लाख का सामान लेकर निकलते पकड़ाई

**वॉशिंगटन डीसी ● एजेंसी**

अमेरिका के इलिनॉय में एक भारतीय महिला पर सुपरमार्केट स्टोर से 1 लाख से ज्यादा का सामान चोरी करने का आरोप लगा है। पुलिस के अनुसार, महिला ने स्टोर में सात घंटे बिताए और बिना भुगतान किए सामान के साथ बाहर निकलने की कोशिश की। यह घटना 1 मई 2025 को हुई थी। अब सोशल मीडिया पर इसका एक वीडियो वायरल हो रहा है। महिला का नाम अनाया अवलानी बताया जा रहा है। स्टोर के कर्मचारियों को उसका व्यवहार संदिग्ध लगा, जिसके बाद उन्होंने पुलिस को बुलाया।

**आरोप**

पुलिस को रिश्वत देने की कोशिश की स्टोर के एक कर्मचारी ने बताया कि महिला काफी देर से स्टोर में मौजूद थी और बिना किसी मकसद के इधर-उधर घूम रही थी। उसे यह भी देखा गया कि वह बार-बार सामान उठाकर टोकरी में रखती, फिर हटाती और दूसरी जगह जाती रही। अंत में वह बिना भुगतान किए गेट से बाहर निकलने की कोशिश करने लगी। स्टाफ ने तुरंत सुरक्षा अलर्ट जारी किया और पुलिस को सूचना दी। थोड़ी ही देर में पुलिस मौके पर पहुंची। आरोप है कि जब पुलिस ने महिला को रोका तो उसने पैसे देकर मामला रफा-दफा करने की कोशिश की। कथित तौर पर उसने अधिकारियों को रिश्वत देकर छोड़ देने का प्रस्ताव दिया।



### पकड़े जाने पर बोली- इस देश की नहीं हूं, माफ कर दो

महिला ने अपनी सफाई में कहा, "अगर मैंने आपको किसी तरह की परेशानी दी हो तो मैं माफी चाहती हूं। मैं इस देश की नागरिक नहीं हूं और मुझे यहां रुकना भी नहीं है। मैं सभी सामान का भुगतान करने को तैयार हूं।" इस पर एक महिला पुलिस अधिकारी ने सख्त लहजे में जवाब दिया, "क्या भारत में चोरी की अनुमति है? मुझे ऐसा नहीं लगता।" इसके बाद पुलिस ने बिल जांच की तो पाया कि महिला ने सच में पेमेंट नहीं किया था। इसके आधार पर उसे वहीं हथकड़ी पहनाई गई और पुलिस स्टेशन ले जाया गया। वहां औपचारिक प्रक्रिया शुरु की गई। महिला पर फेलोनी यानी गंभीर अपराध के तहत केस दर्ज किया जा रहा है। हालांकि अभी तक औपचारिक गिरफ्तारी नहीं हुई है, लेकिन पुलिस सूत्रों का कहना है कि जल्द ही उस पर आरोप तय किए जाएंगे। हालांकि, उसे अभी गिरफ्तार नहीं किया गया है, लेकिन गंभीर अपराध के आरोप लगने की संभावना है।

**स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक** - दीपक बुड़ाना द्वारा चैतन्य लोक ग्राफिक्स, एलयूएन-22, सेक्टर-एफ इंडस्ट्रियल एरिया, सांवेर रोड इंदौर (मध्यप्रदेश) से मुद्रित एवं 66 बी शुभम पैलेस, छोटा बांगड़दा रोड इंदौर से प्रकाशित।
**संपादक**- दीपक बुड़ाना, आर.एन.आई. नबंर - MPHIN/2014/56594 (सभी विवादों का न्यायलय क्षेत्र इंदौर रहेगा)